

सनी और अक्षय के बीच फिर होगी टक्कर

▸ पेज - 7

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

सीजीआई करेंगे ईवीएम सत्यापन मामले की सुनवाई

▸ पेज - 8



वर्ष : 33 ▸ अंक : 310 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 25 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल


# मुंबईकरों पर महंगाई का ट्रिपल डोज

**अमित बृज | मुंबई**

महाराष्ट्र में एसटी महामंडल की बसों के साथ मुंबई में ऑटोरिक्शा और टैक्सी का सफर भी महंगा होने जा रहा है। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य परिवहन की बसों का किराया बढ़ाने को मंजूरी दी है। इसी के साथ मुंबई महानगर क्षेत्र में ऑटोरिक्शा और टैक्सी के किराए भी बढ़ोत्तरी की है। महाराष्ट्र राज्य परिवहन प्राधिकरण ने MSRTC की बसों और मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण ने ऑटोरिक्शा और टैक्सी के किराया को बढ़ाने का निर्णय लिया है।

- **रोडवेज बसों का किराया 15 फीसदी बढ़ा**
- **ऑटो-टैक्सी में भी यात्रा पर ढीली होगी जेब**




### 24 और 25 जनवरी को मध्यरात्रि से लागू होगा किराया

महाराष्ट्र राज्य परिवहन प्राधिकरण ने MSRTC की बसों के किराए में 14.95 फीसदी की बढ़ोतरी को भी मंजूरी दे दी है। महाराष्ट्र मोटर वाहन विभाग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि गुरुवार को एसटीए की बैठक में यह किराया 24 और 25 जनवरी की मध्य रात्रि से लागू होगा। महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ने राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में बताया कि विभाग को हर दिन किराए में बढ़ोत्तरी नहीं होने की वजह से 2 से 3 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है. बढ़ोत्तरी के बाद से इस क्षति की भरपाई की जा सकेगी. फिलहाल बस में सफर करने वाले यात्रियों को आज से ही बढ़ोत्तरी के साथ किराया देना होगा।

### ऑटोरिक्शा और काली-पीली टैक्सियों के मूल किराए में तीन रुपये की बढ़ोतरी

मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण (MMRTA) ने मुंबई और उसके आसपास के महानगरीय क्षेत्र में एक फरवरी से ऑटोरिक्शा और काली-पीली टैक्सियों के मूल किराए में तीन रुपये की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। मुंबई महानगर क्षेत्र परिवहन प्राधिकरण की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऑटोरिक्शा के लिए नया मूल किराया 23 रुपये के बजाय 26 रुपये होगा, जबकि काली-पीली टैक्सियों के लिए इसे मौजूदा 28 रुपये से बढ़ाकर 31 रुपये कर दिया गया है। इसमें विज्ञप्ति में कहा गया है कि नीली और सिल्वर रंग की एसी कैब का किराया पहले 1.5 किलोमीटर के लिए 48 रुपये से शुरू होगा। इसका मौजूदा किराया 40 रुपये है।

### सड़कों से हटेंगी 15 साल पुरानी रोडवेज बसें

सीएम फडणवीस ने पिछले महीने राज्य परिवहन निगम से 15 साल पुरानी रोडवेज बसों को हटाने का आदेश दिया था। इसके साथ ही 13 हजार से अधिक पुराने सरकारी वाहनों को हटाने का एलान किया था। सीएम ने कहा कि पुरानी बसों को हटाकर राज्य परिवहन निगम में एलएनजी और सीएनजी बसें लाई जाएंगीं।

# सेना की हथियार फैक्ट्री में धमाका

**8 मौतें, 7 गंभीर घायल**



**5KM तक सुनाई दी आवाज**

**डीबीडी संवाददाता | भंडारा**

भंडारा महाराष्ट्र के भंडारा में सेना की हथियार फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह साढ़े 10 बजे धमाका हुआ। हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है, 5 बुरी तरह घायल हैं। लो टेंपरेचर प्लास्टिक एक्पोजर (एलटीपी) 23 इमारत में विस्फोट हुआ। जिससे लगभग 20 किमी के परिसर में कंपन और तेज आवाज गूंजी। घटना के समय इस इमारत में 17 कर्मचारी ड्यूटी पर थे। जिनमें से आठ की मौत हो गई। 5 घायल हो गए। आयुध निर्माणी व स्थानीय प्रशासन ने दस से अधिक अग्निशामक से घटनास्थल पर पानी का छिड़काव कर परिसर ठंडा किया। जिसके बाद घायलों को आयुध निर्माणी के अस्पताल में इलाज करके भंडारा के निजी अस्पताल में रेफर किया गया। सेना के लिए एसिड से लेकर कई तरह के विस्फोटक बनाए जाते हैं। यहां टेस्टिंग फैसिलिटीज और अत्याधुनिक लेबोरेटरीज भी हैं।

### पहली शिफ्ट में ड्यूटी पर थे 17 कर्मचारी

शुक्रवार की सुबह जवाहरनगर की आयुध निर्माणी में सुबह 6 बजे पहली शिफ्ट शुरू हुई। इस शिफ्ट में एलटीपी इमारत में 17 कर्मचारी ड्यूटी पर थे। इस दौरान लगभग 10.40 मिनट पर विस्फोट की तेज आवाज सुनाई दी। विस्फोट की आवाज से परिसर के लोग सहम उठे। घटनास्थल के सबसे करीबी गांव जवाहरनगर के हालात डराने वाले थे। विस्फोट से इमारतें हिलने लगीं तो लोग घर और दुकान से बाहर निकलने लगे। कुछ समय बाद आयुध निर्माणी का हूटर (सायरन) बजा तो नागरिकों को बड़ी घटना होने की पुष्टि हो गई। आयुध निर्माणी के जवाहरनगर के अस्पताल के सामने 200 से 250 नागरिक इकट्ठा हुए। पुलिस, आयुध निर्माणी के सुरक्षा रक्षकों ने स्थिति संभाली।

### गड्ढे में धंस गई इमारत

विस्फोट से हुए गड्ढे में एलटीपी 23 पूरी इमारत धंस गई। इमारत के मलबे में घायल फंसे रहे। मलबे में दबे कर्मचारियों को निकालने के लिए दो जेसीबी, दो हायड्रा तथा ब्रेकर मशीन का सहारा लिया गया। पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने शवों व घायलों को बाहर निकाला। सांसद डॉ. प्रशांत पडोले , विधायक नरेंद्र भोंडेकर के प्रतिनिधी, जिलाधिकारी डॉ. संजय कोलते, पुलिस अधीक्षक नुरूल हसन, प्रशासकीय उपविभागिय अधिकारी गजेंद्र बालपांडे, तहलीदार विनीता लांजेवार ने मौके पर पहुंचे।

### कारण नहीं हुआ स्पष्ट

विस्फोट का कारण स्पष्ट नहीं हो सका ।कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक सुनील सप्रे ने इसे लेकर किसी तरह का बयान भी जारी नहीं किया है। एक वर्ष में आयुध निर्माणी भंडारा में यह दूसरा बड़ा विस्फोट है। इसके पहले एचईएक्स बिल्डिंग में 27 जनवरी 2024 की सुबह विस्फोट हुआ था। उसमें कर्मचारी अविनाश भगवान मेश्राम (52) की मृत्यु हुई थी।

### रक्षा मंत्री बोले-राहत के प्रयास जारी

घटना को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- महाराष्ट्र के भंडारा में आयुध कारखाने में हुए विस्फोट के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

# शाह का पवार पर एक बार फिर ज़ुबानी हमला

- **आपने अपने समय में सहकारिता के लिए कुछ नहीं किया: अमित शाह**



**डीबीडी संवाददाता | मालेगांव**

महाराष्ट्र में सहकारिता सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनसीपी (शरद) के प्रमुख शरद पवार पर हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि शरद पवार जब कृषि मंत्री थे तो उन्होंने सहकारी क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया। जब वह दस साल तक केंद्रीय कृषि मंत्री थे, तो सहकारी क्षेत्र उनके अधिकार क्षेत्र में था। उन्होंने पूछा कि आपने इस क्षेत्र के लिए क्या किया है? क्या आपने कर मुद्दों का समाधान किया? कर के संबंध में मॉडल उपनियम बनाए? हमारी सरकार ने अलग सहकारिता मंत्रालय बनाकर कई काम किए।

### जमीनी स्तर पर काम करना भी जरूरी

अमित शाह ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि सिर्फ नेता बनना ही काफी नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर काम भी करना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब पवार कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार (2004-2014) में कृषि मंत्री थे, तो उन्होंने इस क्षेत्र के लिए क्या योगदान दिया। शाह ने कहा, ₹आपने सहकारी क्षेत्र के लिए क्या किया? क्या आपने टैक्स से जुड़े मुद्दे सुलझाए? क्या मॉडल उपविधियां तैयार कीं?₹

### विज्ञान के साथ सहकारी क्षेत्र

शाह ने बताया कि विज्ञान के महत्व को रेखांकित करने के लिए पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रसिद्ध नारे 'जय जवान, जय किसान' में 'जय विज्ञान' जोड़ा। उन्होंने कहा कि विज्ञान के साथ सहकारी क्षेत्र आत्मनिर्भरता की सही परिभाषा है।


### जैविक उत्पादों के लिए अलग इकाई

अमित शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के तहत जैविक कृषि उत्पादों की पैकेजिंग और मार्केटिंग के लिए 'भारत सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड' बनाई गई है। शाह ने कहा कि चीनी मिलों के 46,000 करोड़ रुपये के टैक्स को कम किया गया है।

# पुलिस कर्मी के बेटे ने पिता की सर्विस रिवॉल्वर से की आत्महत्या

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

लोअर परेल में एक पुलिस कर्मी के बेटे हर्ष ह्मस्के (20) ने शुक्रवार को अपने पिता की सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मुंबई पुलिस टीम मौके पर पहुंची है और मामले की छानबीन कर रही है, लेकिन अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस के अनुसार



हर्ष के पिता संतोष म्हस्के मुंबई पुलिस बल में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं और अपने परिवार सहित लोअर परेल इलाके में रहते हैं। शुक्रवार को हर्ष ने संतोष म्हस्के की सर्विस रिवॉल्वर से अपने सिर में गोली मार ली। घर के लोगों ने तत्काल हर्ष को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अब महामंडल बंटवारे की तैयारी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

## सरकार के गठन और पालकमंत्री पदों के बंटवारे के बाद महामंडल बंटवारे पर चर्चा जल्द होगी शुरू

महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन और पालकमंत्री पदों के बंटवारे के बाद अब भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), और राकांपा (अजित पवार गुट) के बीच महामंडल बंटवारे की चर्चा जल्द शुरू होने की उम्मीद है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दावोस दौरे से लौटने के बाद तीनों दलों के बीच बैठकें आयोजित की जाएंगी।




### बंटवारे में तेजी की उम्मीद

अजित पवार ने भरोसा जताया है कि फडणवीस के लौटने के बाद बैठकों का दौर शुरू होगा और महामंडल बंटवारे पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। यह बंटवारा न केवल महायुति के नेताओं की नाराजगी को कम करेगा, बल्कि पार्टी में संगठनात्मक संतुलन भी बनाएगा। पिछली शिंदे सरकार में मंत्रिमंडल का विस्तार और महामंडल बंटवारा नहीं हो सका था, जिससे महायुति के दलों में असंतोष बढ़ा था। नई सरकार अब इन मुद्दों को जल्द सुलझाने के प्रयास में है।

### महामंडल बंटवारे के लिए नियुक्ति

महामंडल के बंटवारे को लेकर तीनों दलों ने अपने-अपने प्रतिनिधियों की नियुक्ति कर दी है। भाजपा की ओर से चंद्रशेखर बावनकुले, शिवसेना (शिंदे गुट) की ओर से उदय सामंत और राकांपा (अजित पवार गुट) की ओर से सुनील तटकरे को इस प्रक्रिया की जिम्मेदारी दी गई है। ये नेता बैठक कर बंटवारे को अंतिम रूप देंगे। महायुति की पिछली सरकार में लगभग ढाई साल तक महामंडल का बंटवारा नहीं हो पाया था। हालांकि, चुनाव से पहले शिंदे सरकार ने कुछ महामंडल बांटे, लेकिन इस दौरान कई नेताओं की नाराजगी सामने आई थी।

# महाराष्ट्र में बनेगी देश की पहली एआई यूनिवर्सिटी



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारत देश का पहला कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विश्वविद्यालय महाराष्ट्र में स्थापित होगा। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस के मौके पर राज्य के सूचना व प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री आशीष शेलार ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि एआई विश्वविद्यालय स्थापित करने का फैसला राज्य सरकार की ऐतिहासिक परियोजना साबित होगी। प्रदेश के उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील के नेतृत्व में यह परियोजना शुरू की जाएगी। विद्यार्थियों और युवाओं को आवश्यक कौशल से लैस एआई विश्वविद्यालय होगा। एआई विश्वविद्यालय भारतीय युवाओं को एआई पर आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने के लिए तैयार करेगा।

# महायुति का ऑपरेशन टाइगर

- **उदय सामंत का दावा, कई विधायक शिवसेना में शामिल होंगे**
- **उद्धव गुट और कांग्रेस ने दावे को खारिज किया**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

विधानसभा चुनाव में हाशिये पर जा चुकी शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस को और एक बड़ा झटका लगने जा रहा है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की शिवसेना और बीजेपी कांग्रेस के खिलाफ ऑपरेशन धनुषबाण और ऑपरेशन टाइगर चलाने जा रही हैं। पार्टी के नेता और वरिष्ठ मंत्री उदय सामंत ने कहा है कि शिवसेना यूबीटी के चार विधायक तीन सांसद और कांग्रेस के पांच विधायक और एक सांसद शिवसेना या एनडीए में शामिल होने वाले हैं। उन्होंने चुनौती दी है कि अगर उद्धव में दम हो तो इसे रोककर दिखाएं। ऑपरेशन टाइगर के तहत आने वाले दो से तीन महीने में महाराष्ट्र में कांग्रेस और उद्धव शिवसेना के कुछ बड़े नेता जैसे मौजूदा विधायक और सांसद महायुति में शामिल होंगे। उद्धव ठाकरे शिवसेना के चार विधायक कांग्रेस के पांच विधायक महायुति में आएंगे साथ ही उद्धव ठाकरे शिवसेना के दो और कांग्रेस का एक सांसद एनडीए में आएंगे।



### महायुति से जुड़ेंगे बड़े नेता

ऑपरेशन धनुष के तहत बड़े नेताओं के समर्थकों, पूर्व विधायक और पूर्व सांसदों को शामिल किया जाएगा। दूसरे चरण में मौजूदा विधायक और सांसद एनडीए जॉइन करेंगे। अमित शाह के साथ भी इनके प्रवेश को लेकर टेक्निकल मुद्दों पर चर्चा होगी। उदय सामंत का कहना है कि हम किसी पार्टी में तोड़ फोड़ नहीं कर रहे हैं। मौजूदा सांसद और विधायक ही एकनाथ शिंदे के और पीएम मोदी के नेतृत्व पर विश्वास रख हमारे साथ जुड़ना चाह रहे हैं।

### उद्धव की रैली में नेता नदारद

गुरुवार को शिवसेना प्रमुख बालासाहब ठाकरे की जयंति के मौके पर अंधेरी में शिवसेना यूबीटी की रैली का आयोजन किया गया था। उद्धव ने रैली में बीएमसी समेत अन्य स्थानीय इकाई चुनाव अकेले लड़ने की बात कही। इस रैली में शिवसेना यूबीटी के 9 में से 4 सांसद 3 विधायक और 2 पूर्व विधायक शामिल नहीं हुए।

**सामूहिक दुष्कर्म**

# तीन दिन की पुलिस कस्टडी में आरोपी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में एक चौंकाने वाला सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया। यहां समता नगर थाना क्षेत्र में एक 17 साल की नाबालिग युवती के साथ कुछ युवकों ने बलात्कार किया। पुलिस ने दो व्यस्क आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने दोनों व्यस्क आरोपियों



को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को तीन दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इसके अलावा नाबालिग आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

### पीड़िता और आरोपी एक ही इलाके के रहने वाले

पुलिस के मुताबिक, पीड़िता और आरोपी एक ही इलाके के रहने वाले हैं। आरोपियों ने लड़की को उसकी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आनन-फानन में जांच शुरू की और तीन आरोपियों को तुरंत पकड़ लिया। युवती को मेडिकल चेकअप के लिए भेजा गया। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है। समता नगर थाने ने नाबालिग के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 70 और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# जिला प्रमुखों की बैठक में कार्यकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार पर जोर देने को कहा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कल पार्टी की रैली में संकेत दिया कि पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की इच्छा के अनुसार निर्णय लिया जाएगा। ठाकरे ने गुरुवार को अंधेरी में एक रैली में कहा कि अगर आप लड़ना चाहते हैं तो हम कार्यकर्ताओं की इच्छा के अनुसार निर्णय लेंगे। उन्होंने यह संकेत दिया कि चलो अकेले चलते हैं। इसके बाद



शुक्रवार को उन्होंने शिवसेना भवन में जिला प्रमुखों और संपर्क प्रमुखों की बैठक बुलाई। ठाकरे ने पदाधिकारियों को मार्गदर्शन दिया।

...पेज 3 भी देखें

### पार्टी की ताकत दिखाएं

पूरे राज्य में पार्टी की ताकत दिखाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की ताकत बढ़ाएं। इसके बाद हम खुद ही निर्णय लेंगे, ऐसा उद्धव ठाकरे ने जिला प्रमुखों और संपर्क प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा। नेताओं ने स्थानीय नेतृत्व को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कल की रैली के बाद उद्धव ठाकरे ने शिवसेना भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई थी। उद्धव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी का विस्तार करें।

### उद्धव क्या बोले?

उद्धव ठाकरे ने जिला प्रमुख और संपर्क प्रमुख से कहा कि तैयारियों और स्थिति को देखने के बाद अकेले लड़ने का निर्णय लिया जाएगा। ठाकरे से कुछ नेताओं ने इस पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कुछ सुझाव दिये। कहा कि मुंबई से कुछ संपर्क अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में जाते हैं और कुछ सुझाव और निर्णय लेते हैं। नेताओं ने गुजारिश की कि उनके अनुचित हस्तक्षेप को कम किया जाना चाहिए।

### तैयारियों को परख कर लेंगे फैसला

स्थानीय स्तर पर नेतृत्व निर्माण की आवश्यकता है। उन्हें शक्ति और अधिकार दिए जाने की जरूरत है। नेताओं ने ठाकरे को सुझाव दिया कि इससे पार्टी को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। नेताओं और पदाधिकारियों ने ठाकरे से कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का रुख यह है कि पार्टी को स्थानीय निकाय चुनाव अपने दम पर लड़ना चाहिए। ठाकरे ने कहा कि पार्टी की तैयारियों और ताकत पर विचार करने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

काल बना ईयरफोन

# गाने सुनते हुए पटरी पार करना पड़ा भारी

**ट्रेन की चपेट में आने से युवती की हुई मौत**

डीबीडी संवाददाता । पालघर

एक 16 वर्षीय किशोरी का इयरफोन लगाकर ट्रेन की पटरी पार करना भारी पड़ गया। जहां ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मामले में अधिकारी ने बताया कि घटना गुरुवार दोपहर 1.10 बजे सफले और केल्वे रोड रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। मृतक लड़की वैष्णवी रावल जिले के मकने गांव की रहने वाली थी।



### कोचुवेली-अमृतसर एक्सप्रेस के चपेट में आई किशोरी

अधिकारियों ने मामले में बताया कि जब वैष्णवी ट्रैक पार कर रही थी तभी कोचुवेली-अमृतसर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि लड़की शायद आने वाली ट्रेन की आवाज नहीं सुन पाई होगी, क्योंकि उसने ईयरफोन लगा रखा था।

### अस्पताल में लड़की ने तोड़ा दम

जीआरपी अधिकारी ने आगे बताया कि ट्रेन से टक्कर लगने के बाद लड़की को गंभीर चोटें आईं और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यह घटना उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव जिले में 12 यात्रियों की मौत के एक दिन बाद हुई, जब वे आग लगने के डर से जल्दबाजी में 12533 लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस से कूद गए, और बगल की पटरियों पर बेंगलुरु से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने उन्हें कुचल दिया।

# सड़क दुर्घटना मामले में टेंपो चालक को देना होगा मुआवजा

**ठाणे एमएसीटी ने दिया आदेश**

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

2018 में महाराष्ट्र में हुए टेंपो-मोटरसाइकल की टक्कर में घायल मोटरसाइकल सवार व्यक्ति को ठाणे मोटर दुर्घटना दावा न्यायधिकरण (एमएसीटी) ने बड़ी राहत दी है। इसके तहत एमएसीटी ने दुर्घटना में टेंपो चालक को घायल हुए 29 वर्षीय व्यक्ति को 10.8 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

### एमएसीटी अध्यक्ष का आदेश




मामले में एमएसीटी के अध्यक्ष एसबी अग्रवाल ने दुर्घटना में शामिल टेंपो के मालिक और बीमा कंपनी को संयुक्त रूप से और अलग-अलग दावेदार को याचिका की तारीख से राशि की वसूली तक 7.5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज के साथ मुआवजा देने का निर्देश दिया। बता दें कि यह दुर्घटना तब हुई थी जब याचिकाकर्ता एक मॉल में सेल्सपर्सन के रूप में काम कर रहा था। काम के लिए अपनी मोटरसाइकिल से काम पर जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार टेंपो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

**टेंपो मालिक और बीमा कंपनी देगी मुआवजा**


मामले में न्यायाधिकरण ने दुर्घटना में शामिल टेंपो के मालिक और बीमा कंपनी को मुआवजा देने का आदेश दिया है। अगर टेंपो मालिक ने मुआवजा नहीं दिया, तो बीमा कंपनी पहले इसे चुकाएगी और बाद में टेंपो मालिक से यह राशि वसूल करेगी। हालांकि बीमा कंपनी ने दावे का विरोध किया, लेकिन न्यायाधिकरण ने यह कहा कि याचिकाकर्ता ने हेलमेट नहीं पहना था, लेकिन यह दुर्घटना का कारण नहीं था और यह उनकी लापरवाही नहीं मानी गई।

### पूरे खर्चे का विवरण समझिए

न्यायाधिकरण ने दुर्घटना के बाद याचिकाकर्ता के मुआवजे में विभिन्न खर्चों का हिसाब लगाया गया। इसमें अस्पताल के बिल के लिए 5.35 लाख रुपये, दर्द और पीड़ा के लिए 3 लाख रुपये, आय में नुकसान के लिए 1 लाख रुपये और अन्य खर्चों के लिए 45,000 रुपये शामिल हैं।

## सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी

डीबीडी संवाददाता । पालघर



बोईसर में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 26,15000 रुपए ठगी करने के आरोपित पर केस दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक अलका सालुंखे ने बोईसर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है, कि उनके बेटे और बहु सहित अन्य लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरती पाटील ने चेक, ऑनलाइन और नगदी से 26 लाख 15 रुपए उनसे ठग लिए। और उन्हें फर्जी ऑपिमेंट लेटर दे दिए। इसके बाद न ही उन्हें नौकरी मिली और न उनके पैसे वापस मिले। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरती पाटील के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## 'शराब पीकर गाड़ी न चलाएं' का बैनर लेकर खड़े होने की शर्त पर जमानत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई




महाराष्ट्र के मुंबई से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है।बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक 32 साल के युवक को नशे की हालत में कार चलाने का आरोप में जमानत दे दी। हालांकि कोर्ट ने बेल देने के लिए शख्स के सामने अनोखी शर्त रखी।कोर्ट ने शख्स को तीन महीने तक शहर के एक बिजी सिग्नल पर पोस्टर लेकर खड़े रहने का आदेश दिया है। इस आदेश के मुताबिक शख्स को हर वीकेंड पर "शराब पीकर गाड़ी न चलाएं" का पोस्टर लेकर चौराहे पर खड़ा रहना होगा। कोर्ट के जस्टिस मिलिंद जाधव की ने आरोपी इसके साथ सब्यसाची निशंक को 1 लाख की जमानत राशि भरने को भी कहा। पुलिस ने बताया कि सब्यसाची ने नशे की हालत में नवंबर 2024 को दो पुलिस चौकियों पर अपनी गाड़ी से टक्कर मार दी थी, जिसकी वजह से उसे गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि सब्यसाची एक प्राइवेट कंपनी में सीनियर पोजीशन पर कार्यरत हैं और IIM लखनऊ के छात्र रहे हैं। ऐसे में कोर्ट ने कहा सब्यसाची की उम्र को देखते हुए और उसके भविष्य की संभावनाओं दो महीने से हिरासत में रखना काफी है और अधिक हिरासत में रखने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि ये लापरवाही का मामला है ।वह नशे की हालत में लापरवाही से गाड़ी चला रहा था और उसने पुलिस के निर्देशों की तोड़कर उसने बैरिकेड्स तोड़कर सार्वजनिक संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया।" ऐसे में कोर्ट ने सब्यसाची को शर्त रखते हुए बेल दे दी। इससे कोर्ट का उद्देश्य लोगों के बीच शराब पीकर गाड़ी न चलाने के लिए जागरूकता फैलाना है।

# भिवंडी ट्रैफिक पुलिस ने फ्री मेडिकल कैंप का किया आयोजन

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी



35वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत, ठाणे पुलिस आयुक्तालय यातायात विभाग ने भिवंडी यातायात पुलिस उप प्रभाग कल्याण नाका भिवंडी वा नॅशनल ह्यूमन राईट्स एंड ह्यूमेनिटेरियन फेडरेशन संस्था, महाराष्ट्र द्वारा फ्री मेडिकल कॅम्प का आयोजन किया गया। इस कैंप मे ट्रैफिक पुलिस के सभी कर्मचारी, रिक्षा चालक व आम नागरिको की मुफ्त खून की जांच, दवाईयां, फ्री एक्स-रे, फ्री केअर एडवाइज, फ्री फॉलोअप जैसी सुविधा का फायदा दिया गया।

### मुफ्त चिकित्सा सेवाएं और डॉक्टरों और टीम का सम्मान

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पुलिस प्रभाग ठाणे आयुक्तालय शरद निवृत्ति ओहोल और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक यातायात पुलिस उप प्रभाग भिवंडी, सुधाकर खोत , पुलिस सब इंस्पेक्टर राजेंद्र डेंडे और डॉक्टर बुशरा सैयद मैडम टी.बी. भिवंडी निज़ामपुर शहर नगर निगम प्रभारी, सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल लतीफ़ बाबा सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा कैंप में उपस्थित सभी डॉक्टर्स और उनकी टीम को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंत मे पीएसआई राजेंद्र देंडे ने रस्ता सुरक्षा शपथ पत्र पढ़ा और संस्था के अध्यक्ष जब्बार शेख ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम मे संस्था के पदाधिकारी इकबाल अहमद सिद्दीकी (उपाध्यक्ष महाराष्ट्र) इब्राहिम मालबारी (सचिव महाराष्ट्र) जाकिर हुसैन मोमिन उपाध्यक्ष ठाणे जिला) नवीद शेख (महासचिव ठाणे जिला) मुजाहिद शेख अध्यक्ष मेडिकल सेल) मोईन शेख (कार्यकारी अध्यक्ष भिवंडी) अफ्फान खान (उपाध्यक्ष भिवंडी) अयाज़ अंसारी आदि उपस्थित थे।

# कल्याण में बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

सुशील सिंह । कल्याण

कल्याण पश्चिम परिमंडल-3 के मानपाडा और महात्मा फुले चौक पुलिस स्टेशन क्षेत्र में अवैध रूप से निवास कर रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ विशेष मुहिम शुरू की गई है। यह कार्रवाई ठाणे शहर के पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार की गई।




### आगे की जांच जारी

गिरफ्तार नागरिकों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ये लोग किस तरह भारत में दाखिल हुए और इनकी भारत में गतिविधियाँ क्या थीं।

**मामले दर्ज**

मानपाडा पुलिस स्टेशन: चार बांग्लादेशी नागरिकों पर अपराध रजिस्ट्रेशन नंबर 91/2025 के तहत पासपोर्ट अधिनियम-1920 की धारा 3, 4 और विदेशी नागरिक कानून-1946 की धारा 13, 14-अ(ब) के तहत मामले दर्ज किए गए। महात्मा फुले चौक पुलिस स्टेशन: एक बांग्लादेशी महिला पर अपराध रजिस्ट्रेशन नंबर 78/2025 के तहत उपरोक्त धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### अवैध निवास की जानकारी

पुलिस को सूचना मिली थी कि मानपाडा क्षेत्र के टाटा नाका, देशमुख होम्स के निकट, गांधी नगर झोपड़पट्टी और कल्याण पूर्व तथा महात्मा फुले चौक क्षेत्र के कल्याण पश्चिम रेलवे परिसर में बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से रह रहे हैं। ये नागरिक भारत में प्रवेश के लिए वैध दस्तावेजों के बिना और अनाधिकृत मार्गों से आए थे।

### कार्रवाई और गिरफ्तारियां

डोंबिवली मानपाडा और कल्याण पश्चिम महात्मा फुले चौक पुलिस ने स्वतंत्र दल बनाकर छापेमारी की। जांच में पांच बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में निवास करते पाए गए और उन्हें गिरफ्तार किया गया।

उल्हासनगर में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर विफलता

# 6 घंटे इंतजार के बाद 108 एम्बुलेंस नहीं पहुंची, मरीज की मौत

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

ठाणे जिले के उल्हासनगर से एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का मामला सामने आया है। गुरुवार को एक 35 वर्षीय मरीज राहुल इंडते की मृत्यु इसलिए हो गई क्योंकि 108 एम्बुलेंस सेवा समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी। यह घटना राज्य की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करती है।



### घटना का विवरण

राहुल इंडते, निवासी हर्षवर्धन नगर, उल्हासनगर-1, को गुरुवार सुबह तबीयत खराब होने के कारण परिजनों ने मध्यवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उनकी हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें कलवा अस्पताल में रेफर करने की सलाह दी और 108 एम्बुलेंस बुलाने के लिए कहा। परिजनों ने दोपहर 2 बजे 108 हेल्पलाइन पर एम्बुलेंस बुलाने के लिए संपर्क किया। हालांकि, उन्हें जल्द एम्बुलेंस भेजने का आश्वासन दिया गया, लेकिन 6 घंटे इंतजार के बावजूद एम्बुलेंस नहीं पहुंची। इस दौरान, मनपा की एम्बुलेंस बुलाने की कोशिश की गई, लेकिन उसमें डॉक्टर की सुविधा न होने के कारण मरीज को भेजने से मना कर दिया गया। आखिरकार, इलाज के अभाव में और लंबे इंतजार के कारण, रात 8 बजे मरीज ने दम तोड़ दिया।

### परिजनों का गुस्सा और हंगामा

राहुल की मौत के बाद उनके परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए और स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही के खिलाफ हंगामा किया। परिजनों ने कहा कि यदि समय पर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध होती, तो राहुल की जान बचाई जा सकती थी। इस घटना से अस्पताल में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजसेवक शिवाजी रगड़े ने कहा कि 2014 से महाराष्ट्र में आपातकालीन मुफ्त चिकित्सा सेवा के लिए 108 एम्बुलेंस सुविधा चलाई जा रही है, लेकिन इसकी लेटलतीफी जानलेवा बन चुकी है। दोपहर 2 बजे कॉल करने के बावजूद रात 8 बजे तक एम्बुलेंस नहीं पहुंचना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस घटना की हम कड़ी निंदा करते हैं। प्रशासन को पत्र लिखकर इस मामले की जांच और सेवा में सुधार की मांग करेंगे, ताकि भविष्य में किसी और 'राहुल' को इस तरह जान न गंवानी पड़े।




### प्रशासन की जिम्मेदारी

परिजनों और समाजसेवकों ने मांग की है कि घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। 108 एम्बुलेंस सेवा को सुचारु और तेज बनाया जाए। अस्पतालों में डॉक्टर और एम्बुलेंस सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इस घटना से सबक लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की खामियों को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# 10 करोड़ का अवैध केमिकल जब्त, गोदाम सील

## भिवंडी क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

शरीफ अंसारी । भिवंडी



भिवंडी ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से खतरनाक और ज्वलनशील रसायनों के भंडारण का बड़ा मामला सामने आया है। भिवंडी क्राइम ब्रांच ने पूर्णा ग्राम पंचायत के निखिल वेयर हाउसिंग गोदाम पर छापा मारकर 10 करोड़ रुपये मूल्य के रसायनों को जब्त किया। इस छापे में यह खुलासा हुआ कि गोदाम मालिक बाजीराव सदाशिव चिकने ने बिना संबंधित विभाग की अनुमति के इन रसायनों का भंडारण किया था।

### अवैध कारोबारियों में हड़कंप

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रसायन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने कहा है कि वह इस प्रकार के अवैध भंडारण और कारोबार के खिलाफ सख्त कदम उठाएगी। यह कार्रवाई न केवल अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्र के सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी एक बड़ा कदम है।

### खतरनाक प्रभाव

जांच के दौरान यह सामने आया कि ये रसायन मानव जीवन, पशुओं और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते थे। गोदाम में सुरक्षा मानकों की पूरी तरह अनदेखी की गई थी, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था।

### पुलिस की कार्रवाई

क्राइम ब्रांच की टीम ने तुरंत गोदाम को सील कर दिया। गोदाम मालिक के खिलाफ नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। अब पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह रसायन कहां से लाया गया और कहां सप्लाई किया जाना था।

## पार्टी की शताब्दी के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

कम्युनिस्ट पार्टी की शताब्दी के उपलक्ष्य में मुंबई सहित देशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, मुंबई में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता मुंबई संभाग में पार्टी ऑफ इंडिया, मुंबई काउंसिल और लालबाग शाखा द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता को तीन समूहों में बांटा गया है। एक समूह कक्षा 1 से 4 के लिए, दूसरा समूह कक्षा 5 से 7 के लिए और तीसरा समूह कक्षा 8 से 10 के लिए बनाया गया है। यह प्रतियोगिता गणतंत्र दिवस, 26 जनवरी को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक भलवन्द्र महाराज मैदान (लाल मैदान) में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को 16.50×11.5 इंच का पेपर दिया जाएगा। प्रतियोगी अपनी ड्राइंग और पेंटिंग के लिए आवश्यक सामग्री जैसे पानी, पेंट, ब्रश, ड्राइंग बोर्ड आदि स्वयं लाएंगे। प्रतियोगिता निःशुल्क है और प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रविष्टि की अंतिम तिथि 25 जनवरी शाम 7 बजे है।

# घनसोली में मलबा डंप करने पर सख्ती

## दो वाहनों से 60 हजार का जुर्माना वसूला

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

नवी मुंबई को स्वच्छ और सुंदर शहर के रूप में बनाए रखने के उद्देश्य से, मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में सार्वजनिक स्थानों पर मलबा और निर्माण सामग्री डंप करने के खिलाफ सख्त निगरानी की जा रही है। नगर निगम की टीमें सर्किलवार तैनात हैं और मलबा डंपिंग पर रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई कर रही हैं।




### शिकायत पर त्वरित कार्रवाई

नगर निगम को घनसोली महिला सशक्तिकरण केंद्र के पास मलबा फेंके जाने की शिकायत व्हाट्सएप पर प्राप्त हुई। उपायुक्त डॉ. कैलास गायकवाड़ के निर्देशानुसार, परिमंडल 2 की भरारी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके से दो डंपर वाहनों को जब्त कर लिया। जब्त किए गए डंपरों के मालिकों से 30-30 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया, जिससे कुल 60 हजार रुपये की दंडात्मक कार्रवाई की गई।

# सड़क अवरोध के खिलाफ महिला का अनिश्चितकालीन आंदोलन

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी तालुका के दाभाड़ ग्राम पंचायत क्षेत्र में एक महिला ने सड़क पर अवैध रूप से बनाई गई दीवार के खिलाफ ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और धरना शुरू किया है। महिला ने प्रशासन के खिलाफ रास्ता दो नहीं तो हेलीकॉप्टर दो का नारा बुलंद करते हुए अपने संघर्ष का ऐलान किया।

### पूरा मामला समझें



दाभाड़ ग्राम पंचायत क्षेत्र की निवासी सरिता सदाशिव पाटिल ने आरोप लगाया है कि उनके घर के सामने की पारंपरिक सड़क पर गांव के ही यशवंत शंकर पाटिल ने अतिक्रमण कर सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण कर लिया है। इस दीवार के कारण सरिता पाटिल और उनके परिवार का घर तक पहुंचने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है।

**प्रशासन की चुप्पी**

महिला ने बार-बार ग्राम पंचायत प्रशासन को शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रुप डेवलपमेंट ऑफिसर से भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन वहां भी अनदेखी की गई। ग्राम पंचायत प्रशासन की इस चुप्पी और निष्क्रियता को लेकर गांव के अन्य नागरिक भी नाराज हैं। प्रशासन के खिलाफ सरिता पाटिल ने अपने परिवार के साथ ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने भूख हड़ताल और धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक ग्राम पंचायत प्रशासन दीवार को हटाने की कार्रवाई नहीं करता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# बुलडोजर से नष्ट किया अवैध शराब अड्डा, आरोपी गिरफ्तार

**उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई**

डीबीडी संवाददाता । अंबरनाथ

हिल लाइन पुलिस ने दवेळी गांव के जंगल में अवैध शराब बनाने की भट्ठी पर कार्रवाई की और लाखों रुपये मूल्य की देशी शराब को बुलडोजर (जेसीबी) की मदद से नष्ट कर दिया। इस ऑपरेशन के दौरान 2600 लीटर देशी शराब को नष्ट किया गया और 97 हजार रुपये की शराब बनाने की सामग्री को जप्त किया गया।

### कार्रवाई और गिरफ्तारी



उल्हासनगर क्राइम ब्रांच पुलिस को जानकारी मिली कि अविनाश रसाल नामक व्यक्ति जमीन के भीतर अवैध शराब बना रहा था। इसके आधार पर, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के मार्गदर्शन में राजेंद्र थोरवे और उनकी टीम ने उस स्थान पर छापा मारा। पुलिस ने मौके पर जाकर शराब को नष्ट किया और शराब बनाने की सामग्री को जब्त किया। पुलिस ने आरोपी अविनाश रसाल को गिरफ्तार कर हिल लाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया। आरोपी के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# 'मुझे नहीं लगता कि उद्धव कोई कड़ा रुख अपनाएंगे'

## शिवसेना UBT के अकेले स्थानीय चुनाव लड़ने पर बोले पवार



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे कोई कड़ा रुख नहीं अपनाएंगे, क्योंकि बाद में उन्होंने संकेत दिया था कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में अकेले उतरेगी। उन्होंने कहा कि हालांकि उद्धव ठाकरे ने स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने पर अपनी राय व्यक्त की है, लेकिन विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के अन्य घटक दलों का मानना है कि इस मुद्दे को सहयोगियों के बीच सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाया जाना चाहिए। एमवीए के अन्य घटक दलों में कांग्रेस, एनसीपी (सपा) और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं।

### 'ठाकरे ने पहले भी अकेले चुनाव लड़ने की कही बात'

वहीं उद्धव ठाकरे की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, 'उद्धव ठाकरे ने पहले भी चुनाव में अकेले उतरने की भावना व्यक्त की थी। दो दिन पहले उन्होंने इस बारे में मुझसे विस्तृत चर्चा की थी और कल (गुरुवार) शिवसेना के 'मेलावा' (सभा) के दौरान उन्होंने जो कहा, वह उनकी राय को दर्शाता है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह कोई सख्त रुख अपनाएंगे।'

### एक दिन पहले मुंबई में ठाकरे ने कही थी बात

दरअसल, गुरुवार को शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की 99वीं जयंती पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह पार्टी के कार्यकर्ताओं से बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि पार्टी आगामी स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़े। पूर्व सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा, 'क्या आप गद्दारों को उनकी जगह दिखाने के लिए तैयार हैं? चुनावों की घोषणा अभी बाकी है। मुझे अपनी तैयारियां देखने दीजिए और मैं आपकी इच्छा के अनुसार निर्णय लूंगा। मैं उचित समय पर निर्णय लूंगा।'

### उद्धव ठाकरे की रैली में ज्यादा भीड़ थी- पवार

हिंदुत्व के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की ठाकरे की तरफ से की गई आलोचना के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा कि उनके सहयोगी लगातार यह कहते रहे हैं कि उनका (शिंदे गुट का) हिंदुत्व वास्तविक नहीं है, और उन्होंने मुंबई के कार्यक्रम के दौरान इस दावे को दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा, 'दोनों (शिवसेना) गुटों ने बालासाहेब ठाकरे की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें प्रत्येक गुट ने उनकी विरासत पर अपना दावा जताया। हालांकि, अगर देखा जाए, तो उद्धव ठाकरे की रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।' जब उद्धव ठाकरे ने अपने भाषण के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आलोचनात्मक टिप्पणी की और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को नहीं छोड़ा। इस पर उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र में विपक्षी नेता अमित शाह के भाषणों पर ध्यान दे रहे हैं क्योंकि उनका लहजा अक्सर उग्र होता है।

### दावोस में MoU को निवेश बताना भ्रामक- पवार

कोल्हापुर में पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार की तरफ से विश्व आर्थिक मंच के दौरान दावोस में भारतीय कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना और उन्हें निवेश के रूप में पेश करना भ्रामक है। वहीं उद्योग मंत्री और शिवसेना नेता उदय सामंत की दावोस में की गई टिप्पणी कि कुछ विपक्षी विधायक और सांसद सत्तारूढ़ गुट के संपर्क में हैं, इस पर वरिष्ठ राजनेता ने स्विस शहर में उनके दौरे के उद्देश्य के बारे में आश्चर्य व्यक्त किया और कहा, 'उनकी (टिप्पणियों) ने मुझे यह सोचने पर मजबूर कर दिया।

# दिवेश त्रिवेदी ने काता स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता




**मुंबई।** जापान कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (JKA इंडिया) ने 18 जनवरी, 2025 से 22 जनवरी, 2025 तक हैदराबाद के गाचीबोली इंडोर स्टेडियम में JKA इंडिया के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया। चैंपियनशिप में दुनिया भर से 1600 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 64 छात्र महाराष्ट्र से थे। पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल के मुख्य कार्यालय अधीक्षक/परिचालन विभाग दिवेश त्रिवेदी ने 55 से 60 वर्ष आयु वर्ग में XII JKAI सीनियर कराटे चैंपियनशिप के काटा इवेंट में भाग लिया और स्वर्ण पदक जीता। वे 1985 से कराटे का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने 1991 में जापान कराटे एसोसिएशन की पहली डैन ब्लैक बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसका मुख्यालय टोक्यो, जापान में है। वर्तमान में वे जापान कराटे एसोसिएशन के छठे डैन ब्लैक बेल्ट हैं।

# कांग्रेस ने दावोस में हुए समझौते पर श्वेत पत्र मांगा


## शराब कंपनियों को लेकर फडणवीस सरकार को घेरा

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि फडणवीस सरकार को दावोस में विश्व आर्थिक मंच की पिछली यात्राओं के दौरान हस्ताक्षरित एमओयू से प्राप्त निवेश और उत्पन्न नौकरियों पर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। कांग्रेस नेता ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि 15.70 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 15.95 लाख नौकरियां पैदा करने की क्षमता वाले 61 एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा, ‍‍"महाराष्ट्र में निवेश का स्वागत करते हैं। जनता को इन समझौतों के बारे में और उनके पीछे की वास्तविकता को जानने का अधिकार है। पहले भी इसी तरह की बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जा चुकी हैं। महायुति सरकार को दावोस में पिछले सौदों से निवेश और रोजगार सृजन पर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

### दावोस में 61 कंपनियों ने महाराष्ट्र सरकार के साथ समझौते किए



नाना पटोले ने बताया कि दावोस में 61 कंपनियों ने महाराष्ट्र सरकार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया। इन कंपनियों में 51 भारतीय और 10 विदेशी कंपनियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इनमें सिडको और बुक माई शो के बीच हस्ताक्षरित 1,500 करोड़ रुपये का सौदा शामिल है, जबकि मुंबई पुलिस कोल्डप्ले कॉन्सर्ट टिकटों की कालाबाजारी के लिए इन कंपनी की जांच कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि एक समझौता हीरानंदानी के साथ भी किया गया, जिसके ऊपर ध्वस्ती कार्रवाई से जुड़े फर्जी दस्तावेज बनाने और ईपीएफओ स्कैम के लिए सीबीआई की जांच जारी थी। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि क्या सरकार इन फर्मों के साथ मिलकर कालाबाजारी बढ़ावा दे रही है।



# 2147 फ्लैटों और 110 भूखंडों की बिक्री के लिए 5 फरवरी को लॉटरी


**दीपक पवार | मुंबई**

म्हाडा कोंकण गृहनिर्माण व क्षेत्र विकास बोर्ड 5 फरवरी को दोपहर 1 बजे ठाणे के काशीनाथ घाणेकर थिएटर में 2147 फ्लैट्स और 110 भूखंडों की बिक्री के लिए एक कंप्यूटर लॉटरी का आयोजन करेगा। लॉटरी का आयोजन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में होगा, और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा अजीत पवार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

### आवेदन प्रक्रिया और संख्या

कोंकण बोर्ड द्वारा विभिन्न आवास योजनाओं के तहत निर्मित फ्लैट्स और भूखंडों के लिए लगभग 24,911 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन की प्रक्रिया 11 अक्टूबर 2024 को शुरू हुई और 6 जनवरी 2025 तक चली। ड्रॉ के लिए पात्र आवेदनों की अंतिम सूची 24 जनवरी को शाम 6 बजे म्हाडा की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई। ड्रॉ के दिन, आवेदकों को उनके मोबाइल पर एसएमएस, ईमेल और ड्रॉ ऐप के माध्यम से तत्काल परिणाम प्राप्त होंगे।

# महाराष्ट्र परिचय केंद्र में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस





**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र परिचय केंद्र में शुक्रवार को15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। महाराष्ट्र परिचय केंद्र की उपनिदेशक अमरज्योत कौर अरोड़ा ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से 'लोकतंत्र के प्रति आस्था बनाए रखने, देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखने और मतदान के अधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। परिचय केंद्र के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की शपथ ली। चूंकि शनिवार, 25 जनवरी को सरकारी अवकाश है, इसलिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम 24 जनवरी को आयोजित किया गया। इस अवसर पर अरोड़ा के साथ कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छह साल बाद जेल से बाहर आएं शोधकर्ता विल्सन व कार्यकर्ता धवले

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने दी थी जमानत

**मुंबई।** शोधकर्ता रोना विल्सन और कार्यकर्ता सुधीर धावले को शुक्रवार को मुंबई हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जहां उन्हें एल्गर परिषद-माओवादी मामले में रिहा कर दिया गया है। दोनों छह साल से ज्यादा समय से जेल में थे। बता दें कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने 8 जनवरी को इन दोनों को जमानत देते हुए कहा था कि वे 2018 से जेल में हैं और उनके खिलाफ मामला अब तक शुरू नहीं हुआ है। इसके बाद, शुक्रवार को विशेष एनआईए अदालत में जमानत की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, वे दोपहर करीब 1:30 बजे नवी मुंबई की तलोजा जेल से बाहर आए।



### अभियोजक पक्ष ने 300 से ज्यादा गवाहों का दिया हवाला

उच्च न्यायालय ने रोना विल्सन और सुधीर धावले को राहत देते हुए कहा कि वे 2018 से जेल में हैं और उनके खिलाफ आरोप भी अभी तय नहीं किए गए हैं। अभियोजन पक्ष ने 300 से ज्यादा गवाहों का हवाला दिया है, इसलिए मामले के जल्द निपटने की संभावना नहीं है। एक आपराधिक मामले में आरोप तय होने के बाद ही मुकदमा शुरू होता है। साथ ही इस मामले में धवले और विल्सन के अलावा 14 अन्य कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें से आठ लोगों को जमानत मिल चुकी है, जिनमें वरवर राव, सुधा भारद्वाज, आनंद तेलतुम्बडे, वर्नोन गोंजाल्विस, अरुण फरेरा, शोमा सेन, गौतम नवलखा और महेश राउत शामिल हैं। महेश राउत की जमानत को लेकर एनआईए ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की है और इस कारण वह अभी भी जेल में हैं।

### क्या है पूरा मामला ?

गौरतलब है कि यह मामला 31 दिसंबर 2017 को पुणे में आयोजित एल्गार परिषद सम्मेलन से जुड़ा है, जहां कथित तौर पर भड़काऊ भाषण दिए गए थे, जिसके बाद पुणे के पास कोरेगांव-भीमा गांव में हिंसा हुई थी। पुणे पुलिस ने दावा किया था कि इस सम्मेलन को माओवादियों का समर्थन प्राप्त था। बाद में इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपने हाथ में ले ली।

**रुचि की अभिव्यक्ति लिनन धोने के लिए**

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय मंडल रेलवे अस्पताल, कल्याण (मध्य रेलवे)**

**निविदा क्रमांक : KYNCRDRHLINEN2025, Dtd. 17.01.2025**

आईआरईपीएस के माध्यम से नए सिरे से निविदा आमंत्रित करके तीन साल की अवधि के लिए मंडल रेलवे अस्पताल, कल्याण के गंदे लिनन की धुलाई के कार्य के लिए रुचि की अभिव्यक्ति के लिए अधिसूचना का प्रकाशन।

**कार्य का नाम एवं कार्य स्थान**: तीन वर्ष की अवधि के लिए मंडल रेलवे अस्पताल, कल्याण के गंदे लिनन की धुलाई का कार्य। **स्थान** : मंडल रेलवे अस्पताल, वाल्धुनी, कल्याण (पूर्व)- 421301. **कार्य पूरा करने की अवधि/अनुबंध अवधि**: 36 महीने। **निविदा समाप्ति तिथि समय**: 17.02.2025, दोपहर 3:00 बजे तक। **बोली शुरू होने की तारीख**: 03.02.2025. **इस निविदा से संबंधित नियम और शर्तें, पात्रता मानदंड और अन्य विवरण मध्य रेलवे की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: https://www.ireps.gov.in**

मध्य रेल
www.cr.indianrailways.gov.in
DE-712

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

# अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को मुफ्त में मिलेगी साड़ी

## सरकारी राशन दुकानों पर लाभार्थियों को मिल सकेगा लाभ

## ई-पॉश मशीन पर लगाना पड़ेगा अंगूठा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

प्रदेश सरकार की ओर से अंत्योदय राशन कार्ड धारक प्रत्येक परिवार को मुफ्त में एक साड़ी प्रदान की जाएगी। अंत्योदय राशन कार्ड धारक लाभार्थियों को सरकारी राशन दुकानों पर साड़ी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए अंत्योदय राशन कार्ड धारक परिवार के किसी एक सदस्य को राशन दुकान में आकर ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगाना होगा। मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी से होली के त्यौहार 13 मार्च तक साड़ी वितरण करने का लक्ष्य है।

खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग ने राशन दुकानों पर साड़ी वितरण के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव के मंजूरी मिलते ही राशन दुकानों पर साड़ी वितरित करने का आदेश जारी कर दिया जाएगा। इससे बाद ही औपचारिक रूप से राशन दुकानों पर साड़ी वितरण शुरू होगा।

### 24 लाख से अधिक अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को मिल सकेगी साड़ी



अधिकारी ने बताया कि राज्य में करीब 24 लाख से अधिक अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को साड़ी मिल सकेगी। राज्य के वस्त्रोद्योग विभाग की कैप्टिव मार्केट योजना के तहत लाभार्थियों को साड़ी देने का फैसला किया गया है। इसके लिए वस्त्रोद्योग विभाग ने योजना की नोडल एजेंसी पावरलूम्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 60 करोड़ रुपए वितरित कर दिया है। जबकि साड़ियों के वितरण की जिम्मेदारी राज्य के खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग को दी गई है। अधिकारी ने बताया कि पावरलूम्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड से साड़ी उपलब्ध होते ही उसको राशन दुकानों पर पहुंचाया जाएगा। इससे पहले पूर्व की शिंदे सरकार ने 10 नवंबर 2023 को अगले पांच साल तक वस्त्रोद्योग विभाग की कैप्टिव मार्केट योजना के जरिए अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को मुफ्त में साड़ी बांटने को मंजूरी दी थी। राज्य में गरीबी रेखा के नीचे (पीले राशन कार्ड) जीवनयापन करने वाले परिवारों को अंत्योदय खाद्य योजना परिवार समूह में शामिल किया गया है। इसके तहत बीते साल 2024 में जनवरी से मार्च महीने तक साड़ी का वितरण किया गया था।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| निविदा आईडी संख्या | 2025_MCGM_1141167_1 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका(BMC) |
| विषय | आर सेंट्रल वार्ड में विषम वस्तुओं के संग्रह और परिवहन के लिए वाहनों को किराए पर लेना |
| निविदा शुल्क | रु. 1320+18%जीएसटी |
| बोली जमा/ईएमडी सुरक्षा | रु.8,200/- |
| निविदा जारी करने और बेचने की तिथि | 24.01.2025 09:00 बजे से |
| निविदा बेचने और बोली सुरक्षा जमा प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय | 29.01.2025 09:00 बजे तक |
| पैकेट ए, बी और पैकेट सी (ऑनलाइन) जमा करना | 29.01.2025 09:00 बजे तक |
| प्रीबिड मीटिंग | एन ए |
| पैकेट ए और बी खोलना | 30.01.2025 09:00 बजे के बाद |
| पैकेट सी खोलना (ऑनलाइन) | 30.01.2025 09:00 बजे के बाद |
| संपर्क के लिए पता | सहायक इंजीनियर, आर/सेंट्रलवार्ड, ग्राउंड फ्लोर, एफपी नंबर 44, टीपीएस 1, चंदावरकर रोड, बोरीवली (पश्चिम) मुंबई- 400092 |
| बोली खोलने का स्थान | सहायक इंजीनियर (एसडब्ल्यूएम)आर/सेंट्रल के कार्यालय में ऑनलाइन |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
बीएमसी बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी या सभी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

हस्ता./-
सहायक इंजीनियर (एसडब्ल्यूएम)आर/सेंट्रल

पीआरओ/2338/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**मध्य रेल**

**परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी प्रदान करना**

भारत के राष्ट्रपति और केंद्रीय रेलवे, मुंबई सीएसएमटी 400001 की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से सीमित निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसके लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय भवन दिनांक 21.02.2025 को 15:00 बजे तक निविदा का समय, तिथि और प्रस्तुतीकरण उसी दिन 15:15 बजे खोला जाएगा। **निविदा सूचना नं.: सीआर-बीबी-सं.एवंदु.सं.पीजेटी-पीएसएसए-2025-06, दिनांक 21.01.2025. कार्य का नाम**: मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के अधिकार क्षेत्र में स्थिर कवच उपकरण और अन्य संबद्ध कार्यों के सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, और कमीशनिंग के काम के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) प्रदान करना और मध्य रेलवे के मुंबई मंडल में कवच के लिए टावरों का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और अन्य संबद्ध कार्य करना। **लगभग मूल्य**: रु.7.94 Crores. **ईएमडी**: रु.547000/-. **खुलने की तारीख़**: 21.02.2025. **वैधता**: 120 days. **समापन अवधी**: 66 Months. यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है। निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है। आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है। DE-711

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

संपादकीय

# मुफ्त का चंदन

यह विडंबना है कि आजादी की हीरक जयंती मना चुके देश में मतदाता को हम इतना जागरूक नहीं बना पाए कि वो अपने विवेक से मतदान कर सके। निस्संदेह, यदि देश में गरीबी और आर्थिक असमानता है तो हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है। लेकिन हम में कम से कम इतना राष्ट्र प्रेम तो होना चाहिए कि निहित स्वार्थों के लिये हम राष्ट्रीय हितों की बलि न चढ़ाएं। दिल्ली के चुनाव में मुफ्त-मुफ्त का जो खेल विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान चल रहा है, उसके जनक विभिन्न राज्यों में कई राजनेता भी रहे हैं। लेकिन फिलहाल दिल्ली में केजरीवाल की चर्चा ज्यादा है। वे नित नये राजनीतिक प्रलोभन देकर मतदाताओं को अपने पाले में लाने के प्रयास में जुटे हैं। विडंबना यह है कि कुछ समय पहले तक भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने को राष्ट्रीय हितों के लिये घातक बताता था, वही भाजपा केजरीवाल को उसी की मुफ्त वाली नीतियों से मात देने के लिये चुनावी मैदान में उतरी है। दरअसल पिछले आम चुनाव में चार सौ पार के अरमानों को झटका लगने के बाद भाजपा भी मुफ्त के खेल में उलझ गई है। दौड़ में अब कांग्रेस भी उतर गई है। विडंबना यह है कि जो पैसा दीर्घकालिक विकास कार्यों में लगाया जाना चाहिए था, वह मुफ्त के फेर में फंस गया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जिस भी महकमे ने मुफ्त में सेवाएं देनी शुरू की, उसका भट्ठा ही बैठा है। अब चाहे मुफ्त की बिजली हो, पानी हो या फिर बस सेवा। कमोबेश, यही हाल भारतीय रेलवे का भी है, जो राजनेताओं के किराये बढ़ाने के विरोध के बाद खुद को संभाल नहीं पा रही है। बड़ा तंत्र होने के बावजूद उसके सुरक्षातंत्र को मजबूत बनाने के लिये पर्याप्त लाभ नहीं कमाया जा सका। विडंबना यह भी है कि तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और दूरदर्शी राजनेताओं के अभाव में विकास की रोशनी हर घर तक नहीं पहुंची। लेकिन इसका समाधान मुफ्त के खेल में कदापि नहीं है। निस्संदेह, मुफ्त की नीति लोगों को अकर्मण्य बनाती है। जरूरी था कि लोगों को इतना सक्षम बनाया जाता कि उन्हें स्थायी रोजगार का अवसर मिलता। फिर उन्हें मुफ्त मांगने की जरूरत ही नहीं होती। विडंबना यह है कि हमारे परिवार-समाज की धुरी मानी जाने वाली महिलाओं को प्रलोभन देने का खेल राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हो गया है। पहले ये शुरुआत मध्यप्रदेश से हुई। फिर महाराष्ट्र में बहनों के लिये आर्थिक प्रोत्साहन राशि गेम चेंजर साबित हुई। अब वही कवायद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में देखी जा रही है। दिल्ली की आप सरकार ने पहले मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत एक हजार रुपये की राशि पात्र महिलाओं को बांटी। अबकी बार आप ने यह राशि बढ़ाकर 2,100 करने की घोषणा की है। इसी तर्ज पर भाजपा महिला समृद्धि योजना लेकर आई है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को 2,500 रुपये सत्ता में आने पर दिये जाने का वायदा है। इस मुफ्त के खेल में अब कांग्रेस भी उतर गई है, जिसने सभी पात्र महिलाओं को 2,500 मासिक देने की घोषणा की है। भाजपा व कांग्रेस को लगता है कि आप की मुफ्त की राजनीति को मुफ्त के दांव से ही शिकस्त दी जा सकती है। निश्चित रूप से भारत के चुनाव आयोग को इस गंभीर मुद्दे पर पहल कर चुनावी प्रक्रिया की शुचिता को बनाने और राजकोषीय स्वास्थ्य की रक्षा की दिशा में पहल करनी चाहिए। सही मायनो में मुफ्तखोरी की संस्कृति भारतीय लोकतंत्र का मजाक ही है।

# हर बेटी के सपनों को उड़ान देने का दिन



प्रो. आर.के. जैन 'अरिजीत'

बालिकाओं के सपनों को पंख देने के लिए, एक नई ऊर्जा के साथ हर वर्ष 24 जनवरी को मनाया जाता है राष्ट्रीय बालिका दिवस। यह दिन समाज को याद दिलाता है कि बालिकाएं न केवल भविष्य की निर्माता हैं, बल्कि वर्तमान की शक्ति भी हैं। उनके अधिकारों और सशक्तीकरण की ओर उठाए गए कदमों को स्मरण करते हुए, हमें सुनिश्चित करना होगा कि वे हर क्षेत्र में अपना पूर्ण विकास कर सकें। वर्ष 2025 की थीम 'सपनों की उड़ान : बालिकाओं के लिए नए आयाम' इंगित करती है कि अब समय आ गया है जब हम बालिकाओं को उनके सपनों की ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक मंच और अवसर प्रदान करें।

राष्ट्रीय बालिका दिवस का गौरवशाली इतिहास हमें 2008 की ओर ले जाता है, जब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इसे पहली बार मनाने का साहसिक कदम उठाया। 24 जनवरी को इस दिन को मनाने का निर्णय इसलिए हुआ क्योंकि इसी दिन 1966 में इंदिरा गांधी ने भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह दिन नारी शक्ति का सम्मान और उनकी असीम संभावनाओं को मान्यता देने का प्रतीक बन गया है। इंदिरा गांधी का नेतृत्व यह साबित करता है कि महिलाएं, जब उन्हें सही अवसर मिले, तो वे हर क्षेत्र में विजय पताका फहरा सकती हैं। आज भी, बालिकाओं की स्थिति में परिवर्तन देखने को मिला है, लेकिन चुनौतियां अभी भी हिम्मत के साथ खड़ी हैं। बाल विवाह, लिंग भेदभाव और शिक्षा में असमानता जैसी समस्याएं देश के अनेक कोनों में अपनी जड़ें मजबूती से जमाए हुए हैं। इन कठिनाइयों से मुकाबला करने के लिए सरकारी योजनाओं के साथ-साथ समाज के सामूहिक संकल्प का विशेष महत्व है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों ने बालिकाओं की शिक्षा की अहमियत को जन-जन तक पहुंचाया है और उनके अधिकारों के प्रति सचेतनता बढ़ाई है। ये प्रयास हमें याद दिलाते हैं कि बालिकाओं को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है, जिससे एक समतामूलक और शिक्षित समाज की नींव रखी जा सके। बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए देश के अनेक क्षेत्रों में जोरदार प्रयास हो रहे हैं। शिक्षा के साथ-साथ खेल, विज्ञान, और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चल रहे हैं। इन प्रयासों के फलस्वरूप, कई बालिकाएं खेल, विज्ञान और कला में अद्भुत सफलताएं हासिल कर रही हैं, जो उनके लिए नए अवसरों की सीढ़ियां खोल रही हैं। वर्ष 2025 की थीम 'सपनों की उड़ान' हमें स्मरण कराती है कि केवल अवसर देना ही पर्याप्त नहीं है; हमें ऐसा वातावरण भी निर्मित करना होगा जहां बालिकाएं अपने विचारों और क्षमताओं को निर्भीकता से व्यक्त कर सकें। ऐसा माहौल उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने जीवन की दिशा स्वयं चुनने का अधिकार देता है।

आज के समाज में बदलाव की तेज हवा बह रही है। बालिकाओं के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसरों में विस्तार हुआ है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित के क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन पहलों से यह स्पष्ट होता है कि बालिकाएं हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ सकती हैं, बस जरूरत है उन्हें सही समर्थन और मार्गदर्शन की। मगर, यह भी सच है कि बालिकाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा जैसी समस्याओं से निपटना समाज के प्रत्येक सदस्य की जिम्मेदारी है। जब तक हम इन चुनौतियों से मिलकर नहीं लड़ेंगे, तब तक बालिकाओं के सशक्तीकरण का स्वप्न अधूरा ही रहेगा।

दरअसल, राष्ट्रीय बालिका दिवस हमें एक ऐसा संकल्प लेने का मौका देता है जहां हर बालिका अपने सपनों को पंख लगाकर उड़ान भर सके, आजादी और सुरक्षा के साथ। इस दिन का महत्व महज उत्सव मनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें बालिकाओं के लिए एक उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है। बालिकाओं की उड़ान को सही दिशा देने के लिए हमें अपना योगदान देना होगा, ताकि उनका हर सपना हकीकत बन सके। जब बालिकाएं अपने आत्मविश्वास और प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती हैं। उनकी सपनों की उड़ान समाज की प्रगति की ओर एक बड़ा कदम है, जो हमें याद दिलाती है कि जब एक बालिका सशक्त होती है, तो पूरा समाज सशक्त होता है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है, जो हमें बालिकाओं को उनके सपनों की ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करने का मौका देता है। इस दिन, हम शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समानता के क्षेत्रों में प्रगति के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लेते हैं। हमारा उद्देश्य एक ऐसा समाज बनाना है, जहां हर बालिका सुरक्षित महसूस करे, जहां उनकी प्रतिभा का सम्मान हो, और जहां वे सशक्त होकर अपने सपनों की राह पर निर्भीकता से चल सकें। इसके लिए हमें एक ऐसा वातावरण बनाना होगा, जिसमें बालिकाएं अपने विचारों और क्षमताओं को निर्भीकता से व्यक्त कर सकें, चाहे वह खेल, कला, विज्ञान या अन्य कोई क्षेत्र हो। केवल इसी प्रकार का वातावरण उनके सपनों को साकार करने की दिशा में सार्थक योगदान दे सकता है। इसके अलावा, हमें उन्हें वह समर्थन और संसाधन प्रदान करने होंगे, जो उनके भविष्य को संवारने के लिए आवश्यक हैं। बाल विवाह, शिक्षा में असमानता और लिंग भेदभाव जैसी बाधाओं को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

जीवन मंत्र

# खुशहाल जिंदगी के लिए शौक जिंदा रखना है जरूरी

यह वह हार्मोन है, जो हमारे व्यायाम करने या टहलने पर स्त्रावित होते हैं। यकीनन इनके फायदे के बारे में बताने की आवश्यकता नहीं है। अब अगर हम यह कहें कि इसकी जरूरत महिलाओं को ज्यादा पड़ती है, तो गलत नहीं होगा।

अवसाद, तनाव ये शब्द आज की दौड़ती-भागती जिंदगी में बेहद आम हो चुके हैं। अब सवाल उठता है कि भला इससे निपटा कैसे जाए? जवाब एकदम सीधा है, आपका शौक आपको इस समस्या से निजात दिला सकता है। अब आप सोच रही होंगी भला वो कैसे? इस बाबत मनोचिकित्सक डॉ. स्मिता श्रीवास्तव कहती हैं कि तनाव, अवसाद, आत्मविश्वास में कमी सरीखी तमाम समस्याओं को कम करने या उनके होने की आशंकाओं को खत्म करने के लिए जरूरी है, आपका खुश रहना। और आपका शौक आपकी इस जरूरत को पूरा कर देता है। जब हम अपने मन का काम करते हैं, तो शरीर में गुड हार्मोन्स का स्राव होता है, जिसे हम एंडोर्फिन कहते हैं। यह वह हार्मोन है, जो हमारे व्यायाम करने या टहलने पर स्त्रावित होते हैं। यकीनन इनके फायदे के बारे में बताने की आवश्यकता नहीं है। अब अगर हम यह कहें कि इसकी जरूरत महिलाओं को ज्यादा पड़ती है, तो गलत नहीं होगा। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि महिलाओं के हिस्से पुरुषों की तुलना में ज्यादा अवसाद आता है। आंकड़े भी इस बात की तसदीक करते हैं। भारत में दस महिलाओं में से छह अपने जीवन काल में कभी न कभी गंभीर अवसाद के दौर से गुजरती हैं। लिहाजा, खुश रहने की जरूरत भी महिलाओं के हिस्से ज्यादा आती है, जिसमें उनकी मदद उनका शौक कर सकता है। जिसके लिए उन्हें अपनी व्यस्त दिनचर्या में से वक्त निकालना होगा। अपनी और अपनों की सोच में बदलाव लाना होगा ताकि वह कुछ नया सीख सकें, कुछ बेहतर कर सकें और कुछ बेहतर बन सकें। अब आप सोच रही होगीं कि भला ये कैसा सवाल है? शौक वही काम है जो आपको करना अच्छा लगता है। यह पढ़ने में ठीक लग सकता है। पर, क्या वास्तव में शौक सिर्फ इतना ही है? डॉ. स्मिता कहती हैं यकीनन शौक हम उसी काम को मानते हैं जो हमारे दिल को भाता है। पर, यहां एक और बात का होना भी जरूरी है कि वह काम ऐसा होना चाहिए, जो हमारी उत्पादकता, सकारात्मकता को बढ़ाने का काम करे। अगर आपकी दिनचर्या में इससे इतर कोई काम शामिल है, जो सिर्फ और सिर्फ आपके खाली वक्त को बिताने के लिए किया जा रहा है, तो वह शौक की श्रेणी में नहीं आएगा बल्कि वह आपको नकारात्मकता की ओर भी ले जा सकता है।



शख्सियत | माइकल मधुसूदन दत्त

# लेखक, कवि, नाटककार



मधुसूदन का जन्म बंगाल (वर्तमान बांग्लादेश) के जेसोर जिले के केशवपुर उपजिला के एक गाँव सागरदारी में एक हिंदू परिवार में हुआ था। उनके पिता राजनारायण दत्त और उनकी माँ जाह्नबी देवी थीं। उनका परिवार काफी संपन्न था, इसलिए उन्होंने सुनिश्चित किया कि मधुसूदन को अंग्रेजी भाषा की शिक्षा मिले और घर पर अंग्रेजी में अतिरिक्त ट्यूटरिंग मिले। राजनारायण का इरादा था कि इस पश्चिमी शिक्षा से उनके बेटे के लिए सरकारी पद के दरवाजे खुल जाएँ।

लगभग पंद्रह वर्ष की आयु में सागरदारी में अपनी शिक्षा समाप्त करने के बाद राजनारायण ने मधुसूदन को बैरिस्टर बनने के अंतिम लक्ष्य के साथ हिंदू कॉलेज में भाग लेने के लिए कलकत्ता भेजा। हिंदू कॉलेज में माइकल ने एक ऐसे विश्वविद्यालय में पश्चिमी पाठ्यक्रम के तहत अध्ययन किया, जिसकी स्थापना स्पष्ट रूप से मूल निवासियों के उत्थान के लिए की गई थी। विश्वविद्यालय ने निर्धारित किया था कि सभी छात्रों को पश्चिमी कपड़े पहनने होंगे, कटलरी का उपयोग करके यूरोपीय व्यंजन खाने होंगे, ब्रिटिश गाने सीखने होंगे और केवल अंग्रेजी बोलनी होगी, जिसका उद्देश्य भारतीयों का एक अंग्रेजीकृत मध्यम वर्ग बनाना था, जो औपनिवेशिक प्रशासन में अधिकारियों के रूप में काम करेंगे। हिंदू कॉलेज में अपने समय के दौरान मधुसूदन ने भारतीय संस्कृति के प्रति विकर्षण और यूरोपीय संस्कृति में स्वीकार किए जाने की गहरी लालसा विकसित की ।] उन्होंने अपनी एक कविता में इन भावनाओं को व्यक्त किया । दत्त पर एक प्रारंभिक और रचनात्मक प्रभाव हिंदू कॉलेज दत्त ने लगभग 17 वर्ष की आयु में अंग्रेजी कविता लिखना शुरू किया, उन्होंने अपनी रचनाएँ इंग्लैंड में प्रकाशनों को भेजीं, जिनमें ब्लैकवुड मैगज़ीन और बेंटले मिसेलनी शामिल हैं । हालाँकि, उन्हें प्रकाशन के लिए कभी स्वीकार नहीं किया गया। यह वह समय भी था जब उन्होंने अपने मित्र गौर दास बायसैक के साथ पत्राचार शुरू किया , जो आज उनके जीवन के स्रोतों का बड़ा हिस्सा है।मधुसूदन ने 9 फरवरी 1843 को अपने माता-पिता और रिश्तेदारों की आपत्तियों के बावजूद ओल्ड मिशन चर्च में ईसाई धर्म अपना लिया।] उन्होंने 1848 में अपनी शादी तक माइकल नाम नहीं लिया।दत्त ने अपने लेखन के शुरुआती वर्षों में केवल अंग्रेज़ी में ही लिखा। द कैप्टिव लेडी 1849 में प्रकाशित हुई और डेरोज़ियो की द फ़ेकीर ऑफ़ जंगीरा की तरह ही एक लंबी कथात्मक कविता का रूप लेती है।

द एंग्लो-सैक्सन एंड द हिंदू (1854) में, एक शानदार, यहां तक कि बैंगनी गद्य में लिखा गया निबंध, मैकाले की यूरोपीय पुस्तकों के लगभग पूरे शेल्फ से संदर्भ और उद्धरण हैं। वे विलियम वर्ड्सवर्थ और जॉन मिल्टन की रचनाओं से बहुत प्रभावित थे । दत्त एक उत्साही बोहेमियन और रोमांटिक थे ।

जीवन ऊर्जा

एडेलिन वर्जीनिया स्टीफनः जन्म- 25 जनवरी 1882

जन्म

# पुस्तकें आत्मा की दर्पण होती हैं

25 जनवरी 1882 में लंदन के मशहूर आलोचक और लेखक सर लेस्ली स्टीफेन और जूलिया स्टीफेन के घर में एडेलिन वर्जीनिया स्टीफन का जन्म हुआ था। वह 20वीं सदी की एक प्रतिभाशाली अंग्रेज साहित्यकार और निबंधकार थीं। 'ए रूम ऑफ वन्स ओन' की लेखिका वर्जीनिया वुल्फ प्रसिद्ध लेखिका, आलोचक और पर्वतारोही पिता सर स्टीफन और मां जूलिया स्टीफन की बेटी थीं।



एडेलिन वर्जीनिया स्टीफन का मानना था कि जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है, चमकने की जरूरत नहीं है, किसी दूसरे की तरह नहीं, बल्कि खुद कुछ बनने की जरूरत है। भावनाओं के सभी चरम पागलपन से जुड़े हुए हैं। मैंने यह अनुमान लगाने का जोखिम उठाऊंगी, जिसने बिना हस्ताक्षर किए इतनी सारी कविताएं लिखीं, वह भी एक महिला थीं। यदि आप चाहें, तो अपने पुस्तकालयों को बंद कर दीजिए, इसमें कोई गेट नहीं है, कोई ताला नहीं है, कोई बेल्ट नहीं है, जिसे आप मेरे मन की स्वतंत्रता पर लगा सकते हैं। पुस्तकें आत्मा का दर्पण होती हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाएं पुरुषों के लिए अधिक दिलचस्प क्यों हैं? यदि किसी ने अच्छा भोजन नहीं किया है, तो वह अच्छा सोच नहीं सकता, अच्छा प्रेम नहीं कर सकता, अच्छी नींद नहीं ले सकता। यदि आप अपने बारे में सच नहीं बताते हैं, तो आप इसे अन्य लोगों के बारे में नहीं बता सकते। पहले आप इसे प्यार के लिए करते हैं, फिर आप इसे अपने दोस्तों के लिए करते हैं और फिर आप इसे पैसे के लिए करते हैं। एक महिला के रूप में मेरा कोई देश नहीं है। एक महिला के रूप में मुझे कोई देश नहीं चाहिए। एक महिला के रूप में मेरा देश पूरी दुनिया है। जब आप सितारों जैसी चीजों पर विचार करते हैं, तो ऐसा लगता है कि हमारे मामले बहुत मायने नहीं रखते हैं, जब तक वह पुरुष के बारे में सोचती है, तब तक स्त्री के सोचने पर कोई आपत्ति नहीं करता। जल्दी की कोई बात नहीं है। चमकने की जरूरत नहीं है। किसी और के होने की जरूरत नहीं है, लेकिन खुद का बड़ा होना कुछ भ्रमों को खो रहा है, दूसरों को पाने के लिए। एक रात बादलों में से एक तारा सवार था और मैंने उस तारे से कहा, 'मुझे खा लो'। इन सभी शताब्दियों में महिलाओं ने दिखने वाले चश्मे के रूप में सेवा की है, जिसमें मनुष्य की आकृति को उसके प्राकृतिक आकार से दुगुने आकार में प्रतिबिंबित करने की जादुई और स्वादिष्ट शक्ति है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# विपत्ति आने पर मनुष्य के असली व्यक्तित्व का पता चलता है

राजा भोज के दरबार में एक विद्वान आए। वे अनेक भाषाएं धारा प्रवाह रूप से बोलते थे।

भोज यह जानना चाहते थे कि उनकी मातृभाषा क्या है? पर संकोचवश पूछ न सके।


विद्वान जी के चले जाने के बाद राजा ने अपनी शंका दरबारियों के सामने रखी और पूछा क्या आपमें से कोई बता सकता है कि विद्वान जी की मातृभाषा क्या है?

मंत्री रघुवीर ने कहा आज तो नहीं कल मैं पता लगा दूँगा कि उनकी अपनी भाषा क्या है?

दूसरे दिन नियत समय पर विद्वान जी आए और दरबार समाप्त होने पर जब वे जाने लगे तो रघुवीर ने उन्हें सीढ़ियों पर धक्का लगा दिया, जिससे वे गिर पड़े। उन्हें थोड़ी चोट लगी। रघुवीर की अशिष्टता पर उन्हें बहुत क्रोध आया और वे धड़ाधड़ गालियाँ देने लगे। जिस भाषा में वे गालियाँ दे रहे थे उसे ही उनकी मातृ-भाषा मान लिया गया।

प्रकट में रघुवीर पर राजा ने भी क्रोध दिखाया पर मन ही मन सभी ने उसकी सूझ की प्रशंसा की।

विद्वान जी के जाने के बाद रघुवीर बोला- तोता तभी तक



राम-राम कहता है जब तक कोई मुसीबत उस पर नहीं आती। पर जब बिल्ली सामने आती है तो वह बस टें-टें ही बोलता है। इसी प्रकार क्रोध में मनुष्य असली भाषा बोलने लगता है। रघुवीर ने कहा- विपत्ति आने पर मनुष्य के असली व्यक्तित्व का पता चलता है। साधारण समय में लोग आवरण में छिपे रहते हैं पर कठिनाई के समय वे वैसा ही आचरण करते हैं जैसे कि वस्तुतः वे होते हैं।

शिक्षा

जो मौका मिलने पर या विपत्ति में भी स्वार्थ के लिए गलत मार्ग न अपनाए वही ईमानदार और वास्तविक चरित्रवान है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## विविधता ही जीवन को रंगीन बनाती है



मानव जीवन अनेक रंगों से सुसज्जित एक कलाकृति है। यहाँ शांति का सफेद रंग है। खुशहाली का हरा रंग है। सौंदर्य का पीला रंग है। प्रेम का लाल रंग है तो दुःखों का काला रंग भी है। एक रचना को सुंदर बनाने के लिए सभी रंगों की अपनी अपनी भूमिका है और सभी रंग अपने आप में महत्वपूर्ण भी हैं।

यहाँ पर व्यक्ति ही भिन्न-भिन्न नहीं हैं। अपितु आपके प्रति उनका व्यवहार भी भिन्न-भिन्न ही होता है।

जीवन में एक ही व्यक्ति से सारी उम्मीदें या सभी लोगों से एक ही उम्मीद लगाना ही अनुचित है। यहाँ कोई सिखायेगा कोई परखेगा कोई शोषण करेगा, कोई पोषण करेगा, कोई डरायेगा कोई जगायेगा और कोई ऐसा भी मिल ही जायेगा, जो तुम्हें गले से लगायेगा और पाषाण से मूर्ति की भाँति तुम्हारे सर्वश्रेष्ठ रूप को बाहर लायेगा। प्रत्येक व्यक्ति से तुम्हारी प्रत्येक मुलाकात कुछ न कुछ अवश्य प्रदान करेगी। विविधता ही जीवन को रंगीन बनाती है।

## अपने विचार



कोर्ट में जो बातचीत होती है, वह फैसला नहीं होता। कई बार जज ऐसे शब्द कहते हैं, लेकिन उसे सोशल मीडिया पर कुछ इस तरह से पेश किया जाता है कि जैसे फैसला हो गया है। लेकिन निर्णय नहीं हुआ होता। **-डीवाई चंद्रचूड़,** पूर्व सीजेआई



हमने 80 सीट पर चुनाव लड़ा था और 60 सीट जीतीं। यह जीत शानदार है। अब बताइए असली शिवसेना किसकी है। जनता ने अपना फैसला सुना दिया है कि असली शिवसेना कौन सी है।' **-एकनाथ शिंदे,** डिप्टी सीएम



मिल्कीपुर की जनता जानती है कि भाजपा चुनाव में बेईमानी करना चाहती है भाजपा ने पुलिस को आगे कर दिया है एसएचओ और सीओ को निर्देश दिया जा रहा है डीएम, एसपी और अन्य अधिकारी लखनऊ के इशारे पर काम कर रहे हैं। **-अखिलेश यादव,** नेता,समाजवादी पार्टी



देश में सांप्रदायिकता फैलाने वाले लोग हिंदू नहीं हो सकते हैं। उनकी पार्टी की हिंदुत्व की विचारधारा साफ-सुथरी है, जबकि बीजेपी देश में हिंदू मुसलमान करती है। **- उद्धव ठाकरे,** शिवसेना यूबी

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# कार्नैक आरओबी के पुनर्निर्माण के लिए विशेष यातायात और पॉवर ब्लॉक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई मंडल के अंतर्गत सीएसएमटी-मस्जिद स्टेशनों के बीच स्थित कार्नैक रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के पुनर्निर्माण के लिए मध्य रेलवे 25 जनवरी से 3 फरवरी 2025 के बीच मध्य रात्रि को पांच विशेष यातायात और पॉवर ब्लॉक लागू करेगा। इन ब्लॉकों का उपयोग ओपन वेब गर्डरों को लॉन्च करने के लिए किया जाएगा।



### ब्लॉक-1: 25/26 जनवरी 2025, रात 11:30 बजे से सुबह 5:30 बजे

**ट्रैफिक ब्लॉक सेक्शन:**

अप और डाउन स्लो लाइन और अप और डाउन फास्ट लाइन – भायखला और सीएसएमटी के बीच (दोनों स्टेशनों को छोड़कर)

अप और डाउन हार्बर लाइन – वडाला रोड और सीएसएमटी के बीच (दोनों स्टेशनों को छोड़कर)

### मेन लाइन पर ब्लॉक के बाद पहली लोकल का विवरण

डाउन स्लो लाइन पर–अंबरनाथ के लिए–05.40 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और 07.23 बजे अंबरनाथ पहुंचेगी। डाउन फास्ट लाइन पर–कर्जत के लिए–05.46 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और कर्जत में 07.43 बजे पहुंचेगी। अप स्लो लाइन पर–सीएसएमटी के लिए–ठाणे से 04.48 बजे प्रस्थान और सीएसएमटी 05.46 बजे पहुंचेगी। अप फास्ट लाइन पर–सीएसएमटी के लिए–ठाणे से 05.08 बजे प्रस्थान और सीएसएमटी पर 05.52 बजे पहुंचेगी

### हार्बर लाइन पर ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल का विवरण

डाउन लाइन पर पनवेल के लिए–सीएसएमटी से 22.58 बजे प्रस्थान और पनवेल में 00.18 बजे पहुंचेगी। डाउन लाइन पर गोरेगांव के लिए–सीएसएमटी से 22.54 बजे प्रस्थान और गोरेगांव में 23.49 बजे पहुंचेगी। अप लाइन पर–सीएसएमटी के लिए–पनवेल से 21.39 बजे प्रस्थान और सीएसएमटी पर 22.58 बजे पहुंचेगी। अप लाइन पर–सीएसएमटी के लिए– बांद्रा से 22.24 बजे प्रस्थान करेगी तथा सीएसएमटी पर 22.54 बजे पहुंचेगी

### मेन लाइन पर ब्लॉक से पहले आखिरी लोकल का विवरण

डाउन स्लो लाइन पर–टिटवाला के लिए–22.50 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और 00.33 बजे टिटवाला पहुंचेगी। डाउन फास्ट लाइन पर–कसारा के लिए–22.47 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान और 01.12 बजे कसारा पहुंचेगी। अप स्लो लाइन पर सीएसएमटी के लिए–21.16 बजे कल्याण से प्रस्थान और 22.45 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। अप फास्ट लाइन पर सीएसएमटी के लिए–22.02 बजे कल्याण से प्रस्थान और 23.04 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी

### ब्लॉक अवधि के दौरान उपनगरीय ट्रेनों का परिचालन

ब्लॉक अवधि के दौरान मेन लाइन पर भायखला और सीएसएमटी स्टेशनों तथा हार्बर लाइन पर वडाला रोड और सीएसएमटी स्टेशनों के बीच उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। मेन लाइन पर अप और डाउन उपनगरीय सेवाएं ठाणे, कुर्ला, परेल और भायखला स्टेशनों पर समाप्त (शॉर्ट टर्मिनेट)/आरंभ( शॉर्ट ओरिजनेट) होंगी। हार्बर लाइन पर अप और डाउन उपनगरीय सेवाएं वडाला रोड स्टेशन पर समाप्त (शॉर्ट टर्मिनेट)/आरंभ( शॉर्ट ओरिजनेट) होंगी।

### दादर में अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन

- 12870 हावड़ा–सीएसएमटी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 24.01.2025
- 12052 मडगांव–सीएसएमटी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 25.01.2025
- 11058 अमृतसर–सीएसएमटी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 24.01.2025
- 22120 मडगांव–सीएसएमटी तेजस एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 25.01.2025
- 11020 भुवनेश्वर–सीएसएमटी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 24.01.2025
- 12810 हावड़ा–सीएसएमटी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 24.01.2025
- 12134 मंगलुरु–सीएसएमटी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 25.01.2025
- 12702 हैदराबाद–सीएसएमटी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 25.01.2025
- 11402 बल्हारशाह–सीएसएमटी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 25.01.2025
- 22158 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल–सीएसएमटी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 25.01.2025
- 12112 अमरावती–सीएसएमटी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 25.01.2025

### दादर से डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का शॉर्ट ओरिजिनेशन

- 11057 सीएसएमटी–अमृतसर एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 25.01.2025 को 23.48 बजे
- 22177 सीएसएमटी–वाराणसी एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 26.01.2025 को 00.30 बजे

### ये ट्रेन सीएसएमटी से 20 से 30 मिनट देरी से रवाना होंगी

12051 सीएसएमटी–मडगांव एक्सप्रेस यात्रा आरंभ की तिथी 26.01.2025

---

महिलाओं की सुरक्षा के लिए **KDMC** का बड़ा कदम

# 'दामिनी पथक' को 16 स्कूटी प्रदान करेगी महानगरपालिका

**सुशील सिंह | कल्याण**

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) ने महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए एक अहम पहल की है। महिला एवं बालकल्याण विभाग के तहत, दामिनी पथक में तैनात महिला पुलिसकर्मियों को 16 स्कूटी उपलब्ध कराई जाएंगी। यह निर्णय महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और आपातकालीन स्थितियों में तेज़ी से प्रतिक्रिया देने के लिए लिया गया है। महानगरपालिका द्वारा जारी की गई निविदा प्रक्रिया के अनुसार, इच्छुक ठेकेदारों को ई-टेंडरिंग के माध्यम से आवेदन करना होगा।

> हमारा उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है। दामिनी पथक के माध्यम से, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि महिला पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभा सकें। यह पहल न केवल उनके कार्य में सहायक होगी बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को भी बढ़ावा देगी।
>
> **स्वाती देशपांडे, महिला एवं बालकल्याण विभाग की उप आयुक्त**



### पहल का उद्देश्य

महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ावा देने और पुलिस बल को आधुनिक संसाधनों से लैस करना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। आपातकालीन स्थितियों में महिला पुलिसकर्मी इन स्कूटियों का उपयोग करके घटनास्थल पर तेज़ी से पहुंच सकेंगी। यह कदम समाज में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा और पुलिस बल को सशक्त बनाएगा।

# मतदाता दिवस पर केडीएमसी आयुक्त ने मतदान के महत्व पर दिया जोर

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर केडीएमसी (कल्याण-डोंबिवली नगर निगम) आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड़ ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदान के अधिकार के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा मतदान के अधिकार का सही प्रयोग लोकतंत्र को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने में सहायक होता है।



### सामूहिक शपथ समारोह

इस अवसर पर महापालिका मुख्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से मतदान की शपथ ली। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड, चुनाव विभाग के उपआयुक्त रमेश मिसाळ, उपआयुक्त प्रसाद बोरकर, अतुल पाटील, संजय जाधव, महापालिका सचिव किशोर शेळके और कार्यकारी अभियंता घन:श्याम नवांगुळ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### 'Nothing Like Voting, I Vote for Sure' थीम पर जोर

चुनाव विभाग के उपआयुक्त रमेश मिसाळ ने इस वर्ष की सरकारी थीम 'Nothing Like Voting, I Vote for Sure' को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वोट लोकतंत्र की नींव को मजबूत बनाता है और नागरिकों को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देना और सभी नागरिकों को मतदान के महत्व का एहसास कराना था। आयुक्त ने सभी उपस्थित लोगों से यह अपील की कि वे न केवल स्वयं मतदान करें, बल्कि अन्य नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रतिबद्धता जताई। महापालिका ने यह संदेश दिया कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब हर नागरिक अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करेगा।

### मुंबई और अहमदाबाद के बीच अतिरिक्त विशेष ट्रेन सेवा

**मुंबई।** मध्य रेल यात्रियों की मांग को पूरा करने के हेतु मुंबई और अहमदाबाद के बीच अतिरिक्त विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा। एलटीटी-अहमदाबाद-एलटीटी 01003 विशेष 26 जनवरी को एलटीटी मुंबई से 00.55 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 11.20 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। वहीं 01004 विशेष दिनांक 27 जनवरी को अहमदाबाद से 04.00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 13.30 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी।ट्रेन में 2 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 6 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 9 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सेकंड सीटिंग सहित गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर वैन शामिल हैं। यह ट्रेन ठाणे, भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, उधना और वडोदरा स्टेशनों पर ठहरेगी।

# विलास सोपन वाडेकर होंगे एमआरवीसी के नए सीएमडी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई रेलवे विकास निगम (एमआरवीसी) ने विलास सोपन वाडेकर को अपना नया अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त करने की घोषणा की है। वाडेकर, जो वर्तमान में एमआरवीसी में निदेशक (तकनीकी) के रूप में कार्यरत हैं, सुभाष चंद गुप्ता का स्थान लेंगे, जो 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।



### विलास वाडेकर का शैक्षणिक और पेशेवर पृष्ठभूमि

वाडेकर भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसई) के 1991 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने अमरावती विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया और तीन स्वर्ण पदक जीते। सिविल–स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री भी उन्होंने प्रथम श्रेणी विशिष्टता के साथ पूरी की। उनके पास भारतीय रेलवे और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है।

### विशेषज्ञता और उपलब्धियां

वाडेकर ने परियोजना योजना, क्रियान्वयन, संचालन और प्रशासन के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके पास मुंबई उपनगरीय रेलवे परियोजनाओं में 15 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उनका नेतृत्व मुंबई उपनगरीय रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

### प्रमुख परियोजनाओं में योगदान

वाडेकर ने कई महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं का नेतृत्व किया है जिसमें ठाणे–दीवा 5वीं और 6वीं लाइन, उधना–जलगांव दोहरीकरण और विद्युतीकरण, एमयूटीपी–III, ट्रेसपास नियंत्रण कार्य, तुर्भे –नेरुल ट्रांसहार्बर लाइन शामिल हैं।

# 16 कर्मचारी महाप्रबंधक संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने पश्चिम रेलवे के 16 कर्मचारियों को सुरक्षित ट्रेन परिचालन में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रधान कार्यालय, चर्चगेट में सम्मानित किया। इन कर्मचारियों को नवम्बर एवं दिसम्बर, 2024 के दौरान ड्यूटी में उनकी सतर्कता तथा अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और इसके परिणामस्वरूप सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सम्मानित किया गया। इन 16 कर्मचारियों में वडोदरा मंडल से 05, मुंबई सेंट्रल मंडल से 04, राजकोट मंडल से 04 तथा अहमदाबाद मंडल से 03 कर्मचारी शामिल हैं।

### कर्मचारियों की सतर्कता की प्रशंसा

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मिश्र ने सम्मानित किए गए कर्मचारियों की सतर्कता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे सभी कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय आदर्श हैं। सम्मानित किए गए कर्मचारियों ने संरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों जैसे रेल एवं ट्रैक फ्रैक्चर का पता लगाना, अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए आपातकालीन ब्रेक लगाना, मानव जीवन को बचाना, कोचों में पाए जाने वाले धुएं को बुझाना, ब्रेक बाइंडिंग, लटकती वस्तुओं का पता लगाना।

# टूटी पानी लाइन से हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

### पुराने और टूटी पानी के पाइपों को बदले जाने की मांग

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर के तानाजीनगर क्षेत्र में 25-30 साल पहले बिछाई गई पुरानी और जर्जर पानी की पाइपों के कारण हर दिन लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। इस पानी की बर्बादी के चलते क्षेत्र के नागरिकों को जल आपूर्ति में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### जल्द समाधान की उम्मीद

निवासियों को उम्मीद है कि नई पाइपलाइन बिछाने का काम जल्द पूरा होगा, जिससे क्षेत्र की पानी की समस्या का समाधान हो सकेगा और पानी की बर्बादी पर रोक लगाई जा सकेगी।

### समस्या और उपाय

सरकार की अमृत योजना के तहत जल आपूर्ति विभाग द्वारा शहर के कई हिस्सों में नई पानी की पाइपें बिछाने का काम जारी है। आयुक्त ने तानाजीनगर की 500 परिवारों की पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने और उन्हें सुचारु रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं।

### मनसे की पहल

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने जल आपूर्ति विभाग के अधिकारी मोरेश्वर बडगे को निवेदन पत्र सौंपकर पैनल नंबर–1 के क्षेत्र का निरीक्षण करने और तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर कई मनसे नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें महानगर संगठक मैनुद्दीन शेख, उपशहर अध्यक्ष शैलेश पांडव, शहर सचिव बादशाह शेख, वार्ड अध्यक्ष कैलास घोरपड़े, कैलास वाघ, संजय नार्वेकर, जगदीश माने और नरेश चिकसे शामिल थे।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अध्यात्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। कुसंगति से हानि होगी, बचें। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छी बात का भी विरोध हो सकता है। धैर्य रखें। अज्ञात भय सताएगा।

**वृष:** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। बेवजह खर्च होगा। तनाव रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। जल्दबाजी न करें। शत्रु पस्त होंगे।

**मिथुन:** थोड़े प्रयास से ही काम बनेंगे। कार्यप्रणाली की प्रशंसा मिलेगी। आय में वृद्धि होगी। प्रेम-प्रसंग के अवसर सहज ही प्राप्त होंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा।

**कर्क:** आय में वृद्धि होगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। अच्छे कामों का भी विरोध हो सकता है। बुद्धि का प्रयोग आवश्यक है।

**सिंह:** दूसरों की बातों में न आएं। विवेक व धैर्य से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। नकारात्मकता बढ़ सकती है। प्रमाद न करें। काम पर ध्यान दें। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में विशेष सावधानी रखें। क्रोध व उत्तेजना से किसी उलझन में फंस सकते हैं।

**कन्या:** धनागम सहज ही होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास बढ़ेगा। कानूनी समस्या खड़ी हो सकती है।

**तुला:** किसी अपने के व्यवहार से दिल को ठेस पहुंच सकती है। समय पर आवश्यक वस्तु न मिलने से तनाव रहेगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। आय में निश्चितता रहेगी। थकान महसूस होगी। अनावश्यक विवाद को बढ़ावा न दें।

**वृश्चिक:** पुराना रुका हुआ पैसा मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु:** अनावश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। चिड़चिड़ापन रहेगा। बेवजह कहासुनी हो सकती है। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**मकर:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त करेगा। अध्ययन में मन लगेगा। धनार्जन सहज होगा। आलस्य न करें। चिंता, भय व कष्ट का वातावरण बन सकता है, सावधानी रखें।

**कुंभ:** नई योजना बनेगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। नए अनुबंध हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन:** स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। लेन-देन में हानि संभव है। जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रसन्नता रहेगी।

# अष्टम भाव का स्वामी पंचम भाव में

अष्टम भाव कुंडली का दु:स्थान होता है।यदि अष्टमेश(अष्टम भाव का स्वामी)और पंचमेश(पंचम भाव का स्वामी) परस्पर मित्र हों तो तथा पंचमेश शुभ स्थान में हो तो परिणाम सकारात्मक होते हैं। किसी भी भाव का स्वामी यदि अपनी राशि से दशम भाव (केंद्र) में हो तो उसकी दशा-अन्तर्दशा में भाव की वृद्धि होती है। पंचम भाव में स्थित अष्टमेश अपनी राशि से दशम भाव में होता है अतः उसकी दशा-अन्तर्दशा में अचानक लाभ, आध्यात्मिक रुझान, दीर्घायु और गुप्त कृपा की प्राप्ति होती है।जातक गहन शोध और अनुसंधान की ओर जा सकता है।ऐसा जातक उन्नति तो करता है लेकिन बहुत-सी बाधाओं के साथ। यदि पंचमेश भी शुभ भाव में हो तो जातक को अनेक संतानें हो सकती हैं लेकिन पंचमेश के अशुभ होने पर संतान की हानि होती है और यदि संतान हो भी जाए तो उसे अत्यंत कष्ट का सामना करना पड़ता है। प्रायः ऐसी संतान रोग से पीड़ित रहती है। अष्टमेश पंचम भाव में अस्त हो,अशुभ ग्रह के प्रभाव में हो या शत्रु ग्रहों से पीड़ित हो तो जातक को अत्यंत नकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं।ऐसा जातक छल-कपट से काम लेने वाला और धोखेबाज हो सकता है क्योंकि पंचम भाव बुद्धिमत्ता का है और अष्टम भाव छल का प्रतीक है। जातक की शिक्षा पूर्ण होने में बहुत कठिनाई होती है। उसकी संतान अनैतिक कार्यों में लिप्त होकर प्रतिष्ठा को धूल में मिला सकती है या किसी असाध्य रोग अथवा मानसिक विकलांगता से ग्रस्त हो सकती है।जातक स्वयं गम्भीर उदर रोग से पीड़ित हो सकता है। पंचम भाव तंत्र-मंत्र से और अष्टम भाव गूढ़ ज्ञान और अभिचार से संबंधित है अतः यदि अष्टमेश पंचम भाव में शुभ और बलवान होकर स्थित है तो जातक की रुचि तंत्र-मंत्र में होती है। शुभ अष्टमेश की वजह से जातक सात्विक मार्ग अपनाता है और वह इसका व्यावसायिक प्रयोग भी कर सकता है क्योंकि अष्टमेश अपने भाव से दशम भाव में स्थित है।






प्रियंका जैन
9769994439

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



न्यूज़ ब्रीफ

## कुख्यात अपराधी टकला गिरफ्तार



**पटना।** पटना पुलिस ने कुख्यात अपराधी अविनाश कुमार उर्फ टकला को गिरफ्तार कर लिया है। इस कुख्यात की गिरफ्तारी हवाई अड्डा थाना क्षेत्र से हुई है। अविनाश का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। जिसमें लूट, चोरी, छिनतई, आर्म्स एक्ट समेत 6 मामले दर्ज हैं। वह पहले तीन बार जेल भी जा चुका है। मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तारी के दौरान अविनाश ने पुलिस पर हमला करने का प्रयास किया। लेकिन जब वह विफल रहा। उसके बाद उसने ब्लेड से अपना गर्दन और हाथ काट लिया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे LNJP अस्पताल ले जाकर इलाज कराया।

## ट्रक में लगी आग, ड्राइवर और खलासी जिंदा जले

**आरा।** आरा-छपरा फोरलेन पर जाम में ट्रक में अचानक आग लग जाने से ट्रक में सो रहे चालक और खलासी जिंदा जल गए और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक भी बुरी तरह जलकर राख में तब्दील हो गया। घटना से आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। आशंका जताई जा रही है कि जाम में खड़े ट्रक में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। यह घटना जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर छलका के पास गुरुवार की आधी रात के बाद हुई। मृतकों की पहचान पीरो थाना क्षेत्र के 56 वर्षीय चालक भीम सिंह और कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के 20 वर्षीय क्लीनर विकास कुमार के रूप में हुई है। मृतक विकास कुमार करीब तीन वर्षों से ट्रक पर क्लीनर का काम कर रहा था। इस घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने आरा-छपरा फोरलेन पर इंग्लिशपुर छलका के पास दोनों शवों को बीच सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया।

## मंईयां सम्मान योजना में फिर गड़बड़ी

**गढ़वा।** जिले में मंईयां सम्मान योजना में फर्जीवाड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। सबसे पहले मामला खरौंधी प्रखंड में देखने को मिला था, जिसमें पुरुष मंईयां सम्मान योजना का लाभ ले रहे थे। अब फिर से इस योजना में अनियमितता का मामला सामने आया है। ताजा मामला धुरकी प्रखंड के खुटिया से आया है। इस मामले में सीएससी संचालक पर आरोप लगाया गया है कि उसने खुद मंईयां सम्मान योजना की राशि एक बार नहीं बल्कि पांच बार अपने खाते में मंगा ली है। पीड़ित महिला ने लिखित रूप से अपने खाते में पैसे मंगाने की मांग की है। भुमफोर गांव की एक महिला ने बीडीओ को आवेदन देकर सीएससी संचालक पर धोखाधड़ी कर मंईयां सम्मान की राशि अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करने का आरोप लगाया है।

# अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने लिया संन्यास

### किन्नर अखाड़े में बनेंगी महामंडलेश्वर

एजेंसी । प्रयागराज

बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर बन गई हैं। उन्होंने प्रयागराज में संगम तट पर पिंडदान किया। अब वह ममता नंद गिरि कहलाएंगी। उनका सिर्फ पट्टाभिषेक रह गया है। वह शुक्रवार की सुबह ही महाकुंभ में किन्नर अखाड़ा पहुंचीं। उन्होंने किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। दोनों के बीच करीब एक घंटे तक महामंडलेश्वर बनने को लेकर चर्चा हुई। किन्नर अखाड़ा ने उन्हें महामंडलेश्वर की पदवी दी।

### महामंडलेश्वर बनाए जाने को लेकर पूरी गोपनीयता बरती गई



शुक्रवार को ही महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ममता कुलकर्णी को लेकर अखिल भारतीय अखाड़े के अध्यक्ष रविंद्र पुरी के पास गईं। ममता कुलकर्णी और रविंद्र पुरी के बीच काफी देर तक बातचीत हुई। इस दौरान किन्नर अखाड़े के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। फिर उनके महामंडलेश्वर बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई। किन्नर अखाड़े ने ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने को लेकर पूरी गोपनीयता बरती है। मुलाकात के दौरान ममता कुलकर्णी ने धर्म पर अपनी बात रखी।

### भगवा रूप में महाकुंभ में एंट्री

ममता कुलकर्णी साध्वी के रूप में महाकुंभ में आईं। वह भगवा कपड़े पहनी दिखीं। उन्होंने गले में रुद्राक्ष की दो बड़ी माला पहन रखी थी। कंधे पर भगवा झोला भी टांग रखा था।

### 'महाकुंभ की पवित्र बेला की साक्षी बन रही हूं'

मुलाकात के बाद ममता कुलकर्णी ने कहा कि महाकुंभ में आना और यहां की भव्यता को देखना उनके लिए बहुत ही यादगार पल है। यह मेरा सौभाग्य होगा कि महाकुंभ की इस पवित्र बेला में मैं भी साक्षी बन रही हूं। संतों के आशीर्वाद प्राप्त कर रही हूं। जब ममता कुलकुर्णी किन्नर अखाड़े पहुंची तो उन्हें देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी।

### तमिल फिल्म से शुरू किया करियर

ममता कुलकर्णी ने 1991 में अपने करियर की शुरुआत तमिल फिल्म 'ननबरगल' से की। साल 1991 में ही उनकी पहली हिंदी फिल्म 'मेरा दिल तेरे लिए' रिलीज हुई। वेबसाइट आईएमडीबी के मुताबिक, एक्ट्रेस ने अपने करियर में कुल 34 फिल्में की हैं। ममता को साल 1993 में फिल्म 'आशिक आवारा' के लिए बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस का फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला था। इसके बाद वे 'वक्त हमारा है', 'क्रांतिवीर', 'करण अर्जुन', 'बाजी' जैसी फिल्मों में नजर आईं। उनकी लास्ट फिल्म 'कभी तुम कभी हम' साल 2002 में रिलीज हुई थी।

## यूपी दिवस
## उपराष्ट्रपति ने सीएम युवा उद्यमी योजना का किया शुभारंभ



**लखनऊ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना का उद्घाटन किया और पांच युवाओं को लोन वितरित किया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीते आठ साल में यूपी उत्तम प्रदेश बन गया है। यहां पर अनलिमिटेड पोटेंशियल और सुखद वातावरण है। 2018 से राज्य की स्थापना दिवस मनाने की परंपरा अद्भुत है। आज जो योजना मैंने लांच की है वह आज की जरूरत है। मुख्यमंत्री योगी ने अपना उद्यम शुरू करने को आसान बनाया है।

## वाराणसी के 61 चौराहों की बदलेगी सूरत

### हरियाली और खास आकृतियों से होगी शहर की पहचान

**वाराणसी।** विकास की नई परियोजनाएं बनारस की तस्वीर बदल रही है। घाट से लेकर सड़क सब कुछ नए अंदाज में नजर आ रहे। जहां शहर में बनने वाले मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग नई सुविधाओं को विस्तार दे रहे हैं। वहीं अब यहां के चौराहे भी अपनी नई कहानी को बताएंगे। जी हां बनारस के चौराहों की तस्वीर अब बदलने जा रही है। यहां के चौराहे हरियाली के साथ नए आकृति के जरिए अपनी पहचान बताएंगे। बता दें कि, वाराणसी में नई विकास योजना के तहत चौराहों की आभा को बदलने का काम किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शहर के 18 चौराहों पर न सिर्फ हरियाली विकसित की जा रही है, बल्कि वहां पर अलग-अलग तरीके की आकृतियां लगाई जा रही हैं।

### शहर की सजावट में दिखेगी परंपरा की झलक

उन्होंने बताया कि बनारस घनी आबादी वाला शहर है, शहर की बनावट ऐसी है कि यहां के चौराहे भी संकरे थे। चौराहों के बदलने की योजना के तहत सभी चौराहों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। वहां पर हरियाली विकसित की जा रही है, इसके साथ ही इन्हें सजाने का काम किया जा रहा है। जिसके तहत अलग-अलग स्थान पर स्कल्पचर लगाया जा रहा है।

## 5 फरवरी को महाकुंभ में स्नान करेंगे पीएम मोदी



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाली 5 फरवरी को महाकुंभ में स्नान करेंगे। उनका कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इसी दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी त्रिवेणी में डुबकी लगाएंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही पार्टी के कई नेता व पदाधिकारी भी स्नान करेंगे। बता दें कि बृहस्पतिवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर महाकुंभ में अव्यवस्था होने का आरोप लगाया। कहा कि महाकुंभ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि मौनी अमावस्या पर होने वाले स्नान से पहले सरकार सभी तैयारी पूरी करे।

## मकोमा शूटआउट
# 'गलत करने वाले बचेंगे नहीं'
### अनंत सिंह मामले पर डिप्टी सीएम ने दी सख्त चेतावनी

एजेंसी । पटना

बिहार के पटना जिले के मोकामा इलाके में बुधवार और शुक्रवार को हुई फायरिंग के बाद विपक्ष जहां कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहा है, वहीं सत्ता पक्ष बचाव में उतर आया है। इस बीच, बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार लगातार कानून का राज स्थापित करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि गलत करने वाले बचेंगे नहीं। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार पूरी सजगता के साथ कानून का राज स्थापित कर रही है। छोटी-मोटी घटनाओं पर भी सरकार की नजर है। कानून तोड़ने वाले बचेंगे नहीं। प्रशासन ईमानदारी से लगा हुआ है।

### लेसी सिंह ने विपक्ष पर साधा निशाना




मोकामा की घटना पर विपक्ष के सवाल उठाए जाने पर मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि विपक्ष को अपने समय को याद करना चाहिए। आज तो कानून का राज है। पुलिस अपना काम कर रही है। पहले के राज में क्या होता था, बिहार की जनता सब जानती है। कोई भी हो, सब के लिए कानून सम्मत कार्रवाई होगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने मोकामा फायरिंग पर कहा, "विपक्ष को अपने जमाने का दिन याद करना चाहिए। वह क्या दौर था? अभी कोई भी कानून अपने हाथ में लेता है तो सख्त कार्रवाई होती है। अब अगर कोई कानून अपने हाथ में लेता है तो वह बचता नहीं है। और अब भी नहीं बचेगा।"

# आईपीएस अलंकृता सिंह का वीआरएस सरकार ने किया स्वीकार

एजेंसी । लखनऊ

वर्ष 2008 बैच की IPS अफसर अलंकृता सिंह का वीआरएस योगी सरकार ने मंजूर कर लिया है। सस्पेंड चल रहीं अलंकृता को सरकार ने बहाल किया, उसके बाद उनका वीआरएस स्वीकार कर लिया। उनसे पहले उनके IAS पति विद्या भूषण भी मार्च 2023 में वीआरएस लेकर लंदन चले गए थे। विद्या भूषण अमेठी, प्रतापगढ़ और इटावा समेत कई जिलों में डीएम रह चुके थे।



### बिना बताए चली गई थीं लंदन

दरअसल, वर्ष 2008 बैच की आईपीएस अलंकृता सिंह मूल रूप से जमशेदपुर की रहने वाली हैं। वर्ष 2021 में वे बिना अनुमति लिए ही लंदन चली गई थीं। उस दौरान वे महिला एवं बाल सुरक्षा में तैनात थीं। जब काफी वक्त तक वो कार्यालय नहीं आईं तो उनके विभाग ने उनके विषय में जानकारी लेना शुरू किया। जिसके बाद अलंकृता ने तत्कालीन एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा को व्हाट्सअप कॉल कर लंदन में होने की बात बताई। जिसके बाद एडीजी ने इसकी सूचना शासन को दी। शासन ने उन्हें निलंबित करते हुए आदेश जारी किया। जिसमें अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1969 के नियम 8 के तहत उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित की और 23 दिसंबर 2021 को उन्हें चार्जशीट भी दी गई। शासन ने अलंकृता सिंह को निलंबित करते हुए पुलिस मुख्यालय लखनऊ से संबद्ध किया था। निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। आदेश में कहा गया कि राज्य सरकार को इस आशय का प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराना होगा कि वह किसी अन्य रोजगार, व्यापार या व्यवसाय में लिप्त नहीं हैं।

## व्यापार जगत

# उलट-फेर का शिकार हुआ शेयर बाजार

### सेंसेक्स में 329.92 अंकों की बड़ी गिरावट

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार 24 जनवरी 2025 को उलट-फेर का शिकार हो गया. सुबह के कारोबार में मजबूती के साथ खुलने वाला बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के आखिर में 329.92 अंक या 0.43% की बड़ी गिरावट के साथ 76,190.46 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 113.15 अंक 0.49% फिसलकर 23,092.20 अंक पर पहुंच गया।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा और डॉ रेड्डी को सबसे अधिक नुकसान



शेयर बाजार के कारोबार के आखिर में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स के 20 शेयर गिरावट और 10 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए. इनमें महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.92% नुकसान के साथ 2801.00 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ. हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर का शेयर 1.98% मजबूत हो गया। एनएसई में 50 शेयरों पर आधारित सूचकांक निफ्टी में 31 शेयर लाल निशान और 19 शेयर हरे निशान पर बंद हुए. इनमें डॉ रेड्डीज का शेयर 4.90% टूटकर 1226.20 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया. इस सूचकांक में भी हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.52% बढ़कर 2380.10 रुपये पर बंद हुआ.

### एशिया के दूसरे बाजारों का हाल

एशिया के दूसरे बाजारों में जापान का निक्केई 225 गिरावट के साथ बंद हुआ. हांगकांग के हैंगसेंग, दक्षिण के कॉस्पी और चीन के शंघाई कंपोजिट में सकारात्मक रुख देखा गया. यूरोपीय बाजार और अमेरिकी शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे. वैश्विक तेल बाजार में ब्रेंट क्रूड 0.63% मजबूत होकर 78.78 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## चंद्रबाबू नायडू ने वित्त मंत्री से मुलाकात में आंध्र प्रदेश के लिए मांगी वित्तीय सहायता




**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नई दिल्ली में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान चंद्रबाबू ने राज्य से जुड़े कई लंबित मुद्दों पर चर्चा करके वित्तीय सहायता का अनुरोध किया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नार्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान चंद्रबाबू ने राज्य से जुड़े कई लंबित मुद्दों पर चर्चा की और वित्तीय सहायता का अनुरोध किया। चर्चा के दौरान उठाए गए प्रमुख मुद्दों में अमरावती के लिए हुडको ऋण और विश्व बैंक से वित्त पोषण शामिल थे। चंद्रबाबू नायडू पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री प्रह्लाद जोशी से भी चर्चा करेंगे। नई दिल्ली में अपने कार्यक्रम पूरे करने के बाद एन. चंद्रबाबू नायडू के आज शाम विजयवाड़ा लौटने की उम्मीद है।

# डॉ अग्रवाल्स हेल्थ का आईपीओ 29 जनवरी को होगा पेश

एजेंसी । मुंबई

आईकेयर सर्विस प्रोवाइडर कंपनी डॉ अग्रवाल्स हेल्थकेयर ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO) की घोषणा की है. टेमासेक होल्डिंग्स और टीपीजी समर्थित इस कंपनी का आईपीओ 29 जनवरी 2025 को खुलेगा और 31 जनवरी 2025 को बंद होगा. इसके लिए प्राइस बैंड 382 रुपये से 402 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।




### आईपीओ का ब्योरा

इस आईपीओ का कुल साइज करीब 3,027 करोड़ रुपये है, जिसमें 300 करोड़ रुपये के नए इश्यू और 2,727.26 करोड़ के बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल हैं. ओएफएस के तहत प्रमोटर और शेयरधारक अरवॉन इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, क्लेमोर इन्वेस्टमेंट्स (मॉरीशस) प्राइवेट लिमिटेड और हाइपरियन इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड अपने हिस्से के शेयर बेचेंगे. कंपनी ने घोषणा की है कि नए इश्यू से जुटाए गए 195 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कर्ज चुकाने, सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों और अन्य कंपनियों के अधिग्रहण के लिए किया जाएगा।




# घट गया अमूल दूध का दाम

- अमूल दूध की नई कीमतें
- अमूल गोल्ड 65 रुपये प्रति लीटर
- अमूल टी स्पेशल 61 रुपये प्रति लीटर
- अमूल ताजा 53 रुपये प्रति लीटर

एजेंसी । मुंबई

महंगाई के दौर में आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर आई है। बजट से पहले देश की प्रमुख डेयरी कंपनी अमूल ने अपने तीन मुख्य दूध उत्पादों की कीमतों में 1 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की है। यह फैसला उपभोक्ताओं को राहत देने और बजट से पहले उनकी जेब का भार कम करने के उद्देश्य से लिया गया है।

### क्यों घटा अमूल दूध का दाम

अमूल ने यह कदम उत्पादन लागत में आई कमी और डेयरी किसानों के साथ बेहतर तालमेल के चलते उठाया है। अमूल के प्रवक्ता ने पीटीआई को दिए गए बयान में बताया कि दूध की कीमत में यह कटौती ग्राहकों को आर्थिक राहत देने और त्योहारी सीजन के साथ-साथ बजट पूर्व खर्चों में कमी लाने के लिए की गई है।


### दूसरी कंपनियां भी घटा सकती हैं कीमत

रिपोर्ट के अनुसार, अमूल के इस कदम से दूसरी डेयरी कंपनियों पर भी कीमतों में कटौती का दबाव बढ़ सकता है। बाजार में बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं को और भी किफायती विकल्प मिलने की उम्मीद है।

## वर्चुअल साइंस लैब प्लेटफ़ॉर्म 'डेन्सिटी' की हुई लॉन्चिंग

एजेंसी । मुंबई

एक अत्याधुनिक वर्चुअल साइंस लैब प्लेटफ़ॉर्म डेन्सिटी को मुंबई प्रेस क्लब में आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। यह अभिनव प्लेटफ़ॉर्म विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है। यह छात्रों और शिक्षकों को व्यावहारिक, इंटरैक्टिव और सुलभ शैक्षिक अनुभव प्रदान करता है, जिससे शिक्षा अधिक प्रभावी और सरल हो जाती है।




### विज्ञान शिक्षा की मौजूदा चुनौतियां

विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में छात्र नामांकन में कमी और व्यावहारिक प्रयोगों तक सीमित पहुंच जैसी समस्याएं आम हैं। डेन्सिटी इन समस्याओं का समाधान प्रदान करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटता है। छात्र वर्चुअल प्रयोगों के माध्यम से कहीं भी, कभी भी व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं, जिससे पारंपरिक लैब की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

### क्या कहा संस्थापक ने ?

डेन्सिटी के संस्थापक नाजी बालानी ने कहा कि डेन्सिटी पारंपरिक शैक्षिक ऐप्स से अलग है, क्योंकि यह केवल वीडियो सामग्री तक सीमित नहीं है। यह छात्रों को उनके प्रयोगों पर पूरा नियंत्रण देता है, जिससे उनका अनुभव अधिक सक्रिय और आकर्षक बनता है। हमारा लक्ष्य है कि हम वैश्विक स्तर पर विज्ञान शिक्षा के तरीके को बदलें और इसे अधिक सुलभ और प्रभावी बनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि पारंपरिक विज्ञान प्रयोगशालाओं को भारी निवेश, उपकरणों और रखरखाव की आवश्यकता होती है। इसके विपरीत, Dencity एक इंटरएक्टिव और किफायती वर्चुअल समाधान प्रदान करता है, जो शिक्षण संस्थानों और व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं के लिए एक आदर्श विकल्प है।

# चेपक में भी तीन स्पिनरों के साथ ही उतरेगी टीम इंडिया

- पहले मुकाबले में बड़ी जीत से भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा



**एजेंसी । चेन्नई**

विश्व चैंपियन भारत शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में जीत के साथ अपना विजय रथ जारी रखने के इरादे से उतरेगा। पहले मुकाबले में सात विकेट से बड़ी जीत दर्ज करने के बाद सूर्यकुमार यादव की टीम का मनोबल काफी बढ़ा हुआ होगा। ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी। हालांकि चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है। तेज गेंदबाजी का जिम्मा एक बार फिर अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या के कंधों पर रहेगा। अर्शदीप और हार्दिक ने पहले मुकाबले में दो-दो विकेट झटके थे। वहीं वरुण चक्रवर्ती के साथ अक्षर ने भी फिरकी का कमाल दिखाया था। दोनों ने मिलकर पांच विकेट चटकाए थे।

### तो हसरंगा को पीछे छोड़ देंगे अर्शदीप



पंजाब के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप अगर मैच में तीन विकेट चटका लेते हैं तो वह सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले पेसर जबकि कुल तीसरे गेंदबाज बन जाएंगे। अर्शदीप अब तक 61 मैचों में 97 विकेट लेकर भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। सबसे तेज सौ विकेट लेने का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के राशिद खान (53 मैच) के नाम है। नेपाल के संदीप लामिछाने (54 मैच) दूसरे और श्रीलंका के वानिंदु हरंगा (63मैच) तीसरे नंबर पर हैं। यह सभी स्पिनर हैं। पाक के तेज गेंदबाज हारिस रउफ (71मैच) चौथे नंबर पर हैं।

### शमी का खेलना फिटनेस पर निर्भर

तेज गेंदबाज मोहम्मद ने करीब 15 माह बाद टीम में तो वापसी कर ली है पर उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर है। पहले मैच में नहीं खेलने के बाद उनकी फिटनेस को लेकर सवाल उठाने शुरू हो गए हैं। टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी। अगर शमी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए फिट हो जाते हैं तो उन्हें नितिश कुमार रेड्डी को बाहर बैठना होगा।

**आमने-सामने**

| | |
|---|---|
| कुल मैच : | 25 |
| भारत जीता : | 14 |
| इंग्लैंड जीता : | 11 |

### संजू खेलना चाहेंगे बड़ी पारी

अभिषेक और संजू सैमसन ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। दोनों एक बार फिर से उसे दोहराना चाहेंगे। पिछले छह मैच में तीन शतक बनाने वाले सैमसन लंबी पारी नहीं खेल पाए थे लेकिन अभिषेक ने तूफानी पारी खेली थी। सैमसन यहां पहले मैच की भरपाई करना चाहेंगे। अभिषेक-सैमसन की सलामी जोड़ी को अगर अगले साल भारत में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत रखना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। कप्तान सूर्यकुमार भी बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगे। वह कोलकाता में खाता भी नहीं खोल पाए थे। असल में सूर्यकुमार पिछले साल टी-20 विश्व कप के बाद 11 पारियों में सिर्फ दो अर्धशतक जड़ पाए हैं। भारत का अपनी अंतिम एकादश में खास बदलाव करने की संभावना नहीं है।

# सिनर और ज्वेरेव में होगा फाइनल

- यानिक ने सेमीफाइनल में शेल्टर का सफर खत्म किया
- अलेक्जेंडर दस बार के चैंपियन जोकोविच के चोट के चलते मैच से हटने से आगे बढ़े



**एजेंसी । मेलबर्न**

दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर और नंबर दो अलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब मुकाबला खेला जाएगा। इटली ने सिनर ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में तीसरे सेट में पैर की जकड़न से जूझने के बावजूद अमेरिका के 22 वर्षीय बेन शेल्टन को दो घंटे 35 मिनट में 7-6, 6-2, 6-2 से हराया।

### सिनर का तीसरा फाइनल

23 साल के सिनर लगातार दूसरी बार साल के पहले और कुल तीसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे। पिछले साल के चैंपियन सिनर ने 2024 में यूएस ओपन की ट्रॉफी भी जीती थी। ग्रैंड स्लैम के फाइनल में उनका सौ प्रति जीत का रिकॉर्ड है। वह जिम कूरियर (1993) के बाद लगातार दो या अधिक बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं।

### ज्वेरेव और सिनर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में टकराएंगे

जर्मनी के ज्वेरेव सर्बियाई के 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच के चोट के चलते मुकाबले के बीच से हटने से पहली बार मेलबर्न में जबकि कुल तीसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे। ज्वेरेव और सिनर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में जबकि तीसरी बार ग्रैंड स्लैम में टकराएंगे। सिनर पहले सेट में पिछड़ गए थे। शेल्टन जब 6-5 के स्कोर पर सर्विस कर रहे थे तो दो बार पहला सेट गंवाने से सिर्फ एक अंक दूर थे। उन्होंने शेल्टन की सर्विस तोड़ी और फिर टाईब्रेकर जीतकर पहला सेट अपने नाम किया। सिनर ने दूसरे सेट की शुरुआत में भी शेल्टन की सर्विस तोड़कर अपना पलड़ा भारी किया। तीसरे सेट में हालांकि सिनर मुसीबत में दिखे। उन्हें पहले अपने बाएं पैर की मांसपेशी और फिर दाएं पैर की जांघ को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनर ने इसके बाद सिनर का उपचार किया और ब्रेक के दौरान उनके दोनों पैरों की मालिश की।

### नोवाक-ज्वेरेव में सवा घंटे तक चला पहला सेट

जोकोविच यहां 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला जो जर्मनी के खिलाड़ी ने टाईब्रेकर में 7-6से गंवा जीता। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। पिछले चार ग्रैंड स्लैम में दूसरी बार जोकोविच को चोट के कारण टूर्नामेंट के बीच से हटना पड़ा। वह पिछले साल घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल से हट गए थे। इसके बाद हालांकि उन्होंने विम्बलडन के फाइनल में जगह बनाई थी। उसके बाद पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।

## 200 से अधिक तैराक डेन डेन सी स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए तैयार




**एजेंसी । मंगलुरु**

डेन डेन सी स्विमिंग चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण को शानदार प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें 200 से अधिक तैराक 26 जनवरी को मंगलुरु सर्फ क्लब बीच पर प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस इवेंट का आयोजन मंगलुरु सर्फ क्लब द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 250 मीटर से लेकर 6 किमी तक की पांच श्रेणियों में मुकाबले होंगे। इस बार का मुख्य आकर्षण डूबे हुए डेन डेन जहाज के चारों ओर आयोजित दौड़ है, जो 2007 में समुद्र में डूबने के बाद एक ऐतिहासिक स्थल बन चुका है। प्रतियोगिता में दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और गोवा समेत कई राज्यों के तैराक भाग लेंगे। प्रतिभागी 10 वर्ष से ऊपर के आयु-विशिष्ट वर्गों में हिस्सा लेंगे, जिसमें सबसे लंबी श्रेणी 6 किमी की दौड़ होगी।

### प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा पर विशेष ध्यान

मंगलुरु सर्फ क्लब के अध्यक्ष चिराग शंभू ने इस आयोजन पर खुशी जताते हुए कहा कि इस साल की चैंपियनशिप में प्रतिभागियों की संख्या पिछले साल से दोगुनी हो गई है। यह भारत में ओपन-वाटर स्पोर्ट्स की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। हम जल सुरक्षा को बढ़ावा देने और मंगलुरु को इस तरह के आयोजनों के लिए प्रमुख स्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चैंपियनशिप के निदेशक ऋषभ शेट्टी ने बताया कि सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

## अंगूठे की चोट से उबरे कुहनेमन



**एजेंसी । मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन को अंगूठे की चोट की सर्जरी के बाद ठीक होने के बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए हरी झंडी दे दी गई। पिछले हफ्ते बिग बैश लीग (बीबीएल) के मुकाबले के दौरान कुहनेमन का दाहिना अंगूठा टूट गया था, लेकिन वर्तमान में, वह गुरुवार को अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स में अच्छी गेंदबाजी करने में सफल रहे हैं। हीट के फिजियो एडम स्मिथ की देखरेख में उन्होंने क्षेत्ररक्षण करते हुए कुछ कैच भी लपके। गुरुवार को ब्रिसबेन में सफल अभ्यास सत्र के बाद, कुहनेमन श्रीलंका में आगामी दो मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल होने की मंजूरी मिलने के प्रति आशावादी हैं।

## खो-खो विश्व कप विजेता भारतीय टीमों को केंद्रीय खेल राज्य मंत्री ने दी बधाई

- महाराष्ट्र सरकार ने खिलाड़ियों को दिया बड़ा तोहफा



**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने शुक्रवार को हाल ही में खो-खो विश्व कप जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला टीमों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। खडसे ने कहा कि यह देश के लिए गर्व का क्षण है कि दोनों टीमों ने इस स्वदेशी खेल में पहला विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। उन्होंने इस जीत को पूरे देश, विशेष रूप से ग्रामीण भारत के लिए प्रेरणा बताया।

### 'हमारी मिट्टी का खेल, हमारा गर्व'

खडसे ने कहा, 'हमारी पुरुष और महिला दोनों टीमों ने जिस दबदबे के साथ विश्व कप जीता, उससे मुझे बहुत गर्व है। यह हमारी मिट्टी और गांवों का खेल है, जिसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का श्रेय भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) और खिलाड़ियों को जाता है।" उन्होंने केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल और उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने इस खेल को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई है। भारतीय पुरुष टीम, जिसकी कप्तानी प्रतीक वाइकर कर रहे थे, ने फाइनल मुकाबले में नेपाल को हराया।

## ग्रैंडमास्टर इनियान ने मलेशिया में खिताब जीता



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान पन्नीरसेल्वम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया में गुरुवार को नौवें जोहोर इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। तमिलनाडु के इरोड के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने नौ बाजियों में 8.5 अंक हासिल किए। उन्होंने इस दौरान चार अंतरराष्ट्रीय मास्टर और एक ग्रैंड मास्टर को हराया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 1.5 अंक आगे रहे। टूर्नामेंट में आठ देशों के 84 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनियान ने आठवें दौर में इंडोनेशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर नायक बुद्धिधर्मा को हराकर 1.5 अंक की बढ़त हासिल करके पहले ही खिताब पक्का कर लिया था। भारत के अंतरराष्ट्रीय मास्टर वीएस राहुल दूसरे और चीन के अंतरराष्ट्रीय मास्टर ली बो तीसरे स्थान पर रहे।

## आईसीसी की पुरुष वनडे टीम में कोई भारतीय नहीं

**मंधाना और दीप्ति महिला वनडे में शामिल**




**एजेंसी । दुबई**

स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को आईसीसी की शुक्रवार को जारी वर्ष 2024 की महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है। पुरुष टीम में किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है। मंधाना आईसीसी की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर जबकि दीप्ति वर्ष की सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर की दौड़ में शामिल हैं। भारत की इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा महिला टीम में इंग्लैंड की तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की दो-दो जबकि श्रीलंका और वेस्टइंडीज की एक-एक खिलाड़ी हैं। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट को टीम की कमान सौंपी गई है। इस बीच टीम इंडिया ने पिछले साल सिर्फ तीन वनडे खेले इनमें दो हारे और एक टाई रहा। इसके चलते किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं दी गई है।

**महिला टीम :** स्मृति मंधाना व दीप्ति शर्मा (भारत), लौरा वोलवार्ट (कप्तान व मारिजैन कप्प (दक्षिण अफ्रीका), सी अट्टापटू (श्रीलंका), हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), एशले गार्डनर और एनाबेल सदरलैंड (ऑस्ट्रेलिया), एमी जोंस, सोफी एक्लेस्टोन व केट क्रॉस (इंग्लैंड)।

**पुरुष टीम :** चरित असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस , वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका), सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ (पाकिस्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, अजमतुल्लाह उमरजई व एएम गजनफर (अफगानिस्तान), शेरफेन रदरफोर्ड (वेस्टइंडीज)।

# ऑस्ट्रेलिया को 58 साल बाद मिश्रित युगल खिताब




**एजेंसी । मेलबर्न**

ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स की जोड़ी ने 58 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को मिश्रित युगल का खिताब दिलाया। गैडेकी और पीयर्स ने घरेलू दर्शकों के सामने फाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद जॉन-पैट्रिक स्मिथ और किंबर्ली बिरेल को 3-6, 6-4, 10-6 से पराजित किया। वर्ष 1967 के बाद पहली बार कोई ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मिश्रित युगल में चैंपियन बनी। दिलचस्प यह है कि फाइनल खेलने वाली दोनों जोड़ियों को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। पीयर्स का यह तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह इससे पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष युगल और यूएस ओपन में मिश्रित युगल का खिताब जीत चुके हैं। उनके नाम पर पुरुष युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक भी दर्ज है।

# रणदीप हुड्डा और जॉन सीना आए साथ

पिछले दिनों खबर आई थी कि अभिनेता रणदीप हुड्डा के हाथ एक और हॉलीवुड फिल्म लग गई है और इसी की शूटिंग के लिए वह बुडापेस्ट रवाना हुए थे। अब उनकी इस फिल्म से जुड़ी जो जानकारियां सामने आई हैं, उसके बाद उनके प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, रणदीप हॉलीवुड एक्शन थ्रिलर फिल्म 'मैचबॉक्स' में नजर आएंगे और इससे भी खास बात यह है कि इस फिल्म में उन्हें हॉलीवुड स्टार जॉन सीना का साथ मिला है।



### रणदीप ने शुरू कर दी फिल्म की शूटिंग

रणदीप को इसके जरिए निर्देशक एक बार फिर निर्देशक सैम हार्ग्रेव का साथ मिला है, जिनके साथ पिछली बार उन्होंने नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म एक्सट्रैक्शन में काम किया था। रणदीप बुडापेस्ट में इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। उन्होंने कहा, 'सैम के साथ फिर से काम करने के लिए उत्साहित हूं। हमने पहले भी काफी अच्छा समय बिताया। सैम स्टोरीटेलिंग और एक्शन के मास्टर हैं। बुडापेस्ट में फिल्म की टीम में शामिल होकर मैं बहुत खुश हूं।'

### ये थी रणदीप की पहली हॉलीवुड फिल्म

बता दें कि फिल्म 'एक्सट्रैक्शन' के जरिए रणदीप ने हॉलीवुड में कदम रखा था और उनकी इस फिल्म को दुनियाभर के दर्शकों ने सराहा था। रणदीप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 'मैचबॉक्स' भी दर्शकों का खूब मनोरंजन करेगी। रणदीप के पास फिल्म 'जाट' भी है, जिसमें वो विलेन बने हैं और फिल्म के हीरो सनी देओल हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने आई। 'जाट' 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।

# राजपाल यादव के पिता का निधन

अभिनेता राजपाल यादव के पिता नौरंग यादव इस दुनिया में नहीं रहे। वह पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे और दिल्ली के एम्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान वहीं उन्होंने आखिरी सांस ली। पिता की हालत के बारे में जानकारी मिलने के तुरंत बाद ही राजपाल थाइलैंड से दिल्ली के लिए रवाना हुए। उन्हें उम्मीद थी कि उनके पिता ठीक होकर ही घर लौटेंगे, लेकिन उन्होंने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया।



### पिता की तबीयत बिगड़ने की खबर सुन थाइलैंड से दिल्ली पहुंचे राजपाल

सूत्रों के मुताबिक, राजपाल के पिता की सेहत लगातार गिरती जा रही थी, जिसके चलते उन्हें दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राजपाल थाइलैंड में थे। अपने पिता की तबीयत बिगड़ने की खबर मिलते ही वह बीते दिन थाइलैंड से दिल्ली के लिए रवाना हुए। हालांकि, उन्हें इस बात का बड़ा अफसोस है कि वह अपने पिता का आखिरी वक्त नहीं देख सके। पिता के चले जाने से अभिनेता और उनके परिवार को गहरा आघात पहुंचा है।

### कहां होगा पिता का अंतिम संस्कार?

इस दुखद खबर के बाद अभिनेता के घर के साथ-साथ पूरी फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। राजपाल उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के रहने वाले हैं। बताया जा रहा है कि उनके 75 वर्षीय पिता का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कुंडरा में ही किया जाएगा। राजपाल के परिवार में उनकी पत्नी राधा यादव और 2 बेटियां हैं। उनके पिता के निधन की खबर ने उनके फैंस का दिल भी तोड़ दिया है।



# सनी देओल और अक्षय कुमार के बीच फिर होगी टक्कर

सनी देओल पिछली बार 'गदर 2' में नजर आए थे और उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया था। अभिनेता पिछले कुछ समय से फिल्म 'जाट' को लेकर सुर्खियों में हैं और यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि बताया जा रहा है कि यह सनी के करियर की अब तक की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म होगी। अब इसकी रिलीज तारीख सामने आ गई है और एक बार फिर अक्षय कुमार से उनकी टक्कर होने वाली है।

### 10 अप्रैल को पर्दे पर आएगी फिल्म

'जाट' सिनेमाघरों में 10 अप्रैल को रिलीज होगी। निर्माताओं के साथ-साथ सनी ने भी फिल्म की रिलीज तारीख अपने प्रशंसकों के साथ साझा की है। दिसंबर में इस फिल्म का धांसू टीजर भी रिलीज किया गया था। फिल्म के निर्देशन की कमान गोपिचंद मालिनेनी संभाल रहे हैं और मैत्री मूवी मेकर्स ने इस फिल्म पर पैसा लगाया है। ये वही प्रोडक्शन हाउस है, जिसने अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा' और 'पुष्पा 2' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं। साल 2023 में सनी और अक्षय के बीच महामुकाबला देखने को मिला था। एक ओर जहां सनी 11 अगस्त को 'गदर 2' लेकर आए थे, वहीं इसी दिन अक्षय की 'ओह माय गॉड 2' पर्दे पर आई थी। 'ओह माय गॉड 2' का बजट 60 करोड़ रुपये थे और इसने बॉक्स ऑफिस पर 221 करोड़ रुपये कमाए थे। उधर 'गदर 2' को 60 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया था और इस फिल्म ने 691 करोड़ रुपये कमाए थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### आज राज्यसभा सदस्य का पद छोड़ेंगे वाईएसआर सांसद

**अमरावती।** वाईएसआरसीपी के राज्यसभा सदस्य वी. विजयसाई रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि वह 25 जनवरी को अपनी संसद सदस्यता से इस्तीफा दे देंगे। सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि वह किसी अन्य पार्टी में शामिल नहीं हो रहे हैं और राजनीति भी छोड़ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'मैं राजनीति छोड़ रहा हूं। मैं कल (जनवरी) 25 तारीख को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं किसी राजनीतिक पार्टी में शामिल नहीं होऊंगा। मैं किसी पद, लाभ या पैसे की उम्मीद में इस्तीफा नहीं दे रहा हूं। यह फैसला पूरी तरह से मेरा निजी है। मुझ पर कोई दबाव नहीं था। किसी ने मुझे प्रभावित नहीं किया।'

### वायनाड भूस्खलन राहत कोष को मिले 712 करोड़ : विजयन

**वायनाड।** वायनाड भूस्खलन से जुड़े राहत कोष में अब तक 712 करोड़ रुपये मिले हैं। यह जानकारी केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बृहस्पतिवार को राज्य विधानसभा में दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र ने इस आपदा को बेहद गंभीर माना है, इसलिए अधिक मदद की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि केंद्र से 2,221 करोड़ की मदद मांगी गई है, लेकिन अब-तक कोई मदद नहीं मिली है। इस वजह से आपदा पीड़ितों को कृषि भूमि उपलब्ध कराना संभव नहीं होगा।

### अनंत सिंह को जीएसीसी में नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी फिल्म निर्माता अनंत सिंह को वैश्विक कला और संस्कृति परिषद (जीएसीसी) में नियुक्त किया गया है। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के सत्र के दौरान बुधवार को जीएसीसी की शुरुआत की गई। रंगभेद, एचआईवी/एड्स और लैंगिक आधार पर होने वाली हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने वाली सिंह की फिल्मों ने उन्हें कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार दिलाए हैं। इन्हीं में से एक फिल्म नेल्सन मंडेला के जीवन पर आधारित 'लॉन्ग वॉक टू फ्रीडम' भी है। उन्हें 2001 में डब्ल्यूईएफ के क्रिस्टल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। डब्ल्यूईएफ के सह-संस्थापक हिल्डे श्वाब और प्रोफेसर क्लाउस श्वाब ने वैश्विक कला और संस्कृति परिषद की स्थापना की। सिंह को दुनिया भर के अन्य प्रख्यात कला और संस्कृति दिग्गजों के साथ ही परिषद में नियुक्त किया गया।

### 3.38 करोड़ की विदेशी सिगरेट के साथ तस्कर गिरफ्तार

**इंफाल।** मिजोरम के लॉन्गटलाई जिले से सुरक्षाबलों ने 3.38 करोड़ रुपये की विदेशी सिगरेट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एक बयान में असम राइफल्स ने कहा कि उसने हनहथियाल पुलिस के साथ मिलकर सोमवार को एक अभियान चलाया। इस दौरान लॉन्गटलाई जिले के जनरल एरिया तुइचांग ब्रिज से उन्होंने विदेशी सिगरेट की 260 पेटियां बरामद कीं। इसकी तस्करी के आरोप में चंफाई जिले के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# क्रिप्टो में निवेश के नाम पर ठगे 350 करोड़

- सीबीआई ने सात राज्यों में की छापेमारी
- रैकेट का भंडाफोड़

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सीबीआई ने क्रिप्टो में निवेश का लालच देकर लोगों को ठगने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने लोगों से 350 करोड़ की ठगी करने के मामले में शुक्रवार को सात राज्यों पर छापेमारी की। सीबीआई का आरोप है कि सातों आरोपी घोटाले का अलग-अलग मॉड्यूल चलाते थे। आरोपियों ने इनके केंद्र दिल्ली, हजारीबाग, बठिंडा, रतलाम, वलसाड, पुदुक्कोट्टी और चित्तौड़गढ़ में बना रखे थे। आरोपी भोले-भाले लोगों को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर मोटा रिटर्न कमाने का झांसा देते थे और उनके पैसे हड़प लेते थे। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि इन पोंजी योजनाओं को अलग-अलग सोशल मीडिया ग्रुप के जरिये प्रचारित किया जा रहा था। बैंक खातों और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट के विश्लेषण से पता चला कि इन योजनाओं से हुई अवैध आय को क्रिप्टोकरेंसी में बदल दिया गया ताकि यह पता न चल सके कि पैसे आए कहां से थे। बताया जाता है कि अब तक आरोपी 350 करोड़ रुपये का लेन-देन कर चुके हैं। बृहस्पतिवार



को जांच एजेंसी ने दिल्ली, झारखंड, पंजाब, मध्य प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान के कई ठिकानों पर छापे मारे। तलाशी में एजेंसी को आरोपियों के क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में करीब 38,414 डॉलर की डिजिटल वर्चुअल संपत्ति मिली। इसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

### पुराने कानून के तहत दर्ज किया गया केस

एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी के तहत आपराधिक साजिश, धारा 420 के तहत धोखा देना और सूचना प्रौद्योगिकी कानून 2000 की धारा 66डी के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया पुराने कानूनों के तहत केस इसलिए दर्ज किया गया है क्योंकि यह तीन नए आपराधिक कानून लागू होने से पहले से चल रही जांच का हिस्सा है।

### 34 लाख नकद, कई डिजिटल उपकरण जब्त

तलाशी के दौरान करीब 34 .2 लाख रुपये नकद भी मिले। एजेंसी ने सात मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक टैबलेट, तीन हार्ड डिस्क, 10 पेन ड्राइव, कई मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड, एटीएम-डेबिट कार्ड, ईमेल खातों की जानकारी और अपराध से संबंधित कई दस्तावेज जब्त किए हैं।

### ऑनलाइन लोन, यूपीआई फ्रॉड आदि से भी फंसाते थे

अधिकारी ने बताया कि जांच के दायरे में आए खातों से पता चला कि दो साल में करीब 350 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। इन घोटालेबाजों के पीड़ितों को ऑनलाइन लोन, ऑनलाइन लकी ड्रा, यूपीआई फ्रॉड, इंटरनेट बैंकिंग स्कैम के जरिये भी फंसाया जाता था। आरोपियों ने क्वाइनडीसीएक्स, वजीरएक्स, जेबपे और बिटबीएनएस जैसे क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज में कई वॉलेट में निवेश कर रखा था।

**रेणुकास्वामी हत्या मामला**

# एक्टर दर्शन को बड़ी राहत

**जमानत रद्द करने से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार**



**एजेंसी । नई दिल्ली/बेंगलुरु**

रेणुकास्वामी हत्या मामले में अभिनेता दर्शन थुगुदीपा, पवित्रा गौड़ा और पांच अन्य को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उनकी जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया। अब उनकी जमानत जारी रहेगी। हालांकि, कोर्ट ने सरकार की चुनौती की जांच करने पर सहमति जताई। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के जमानत आदेश के खिलाफ राज्य की याचिका पर दर्शन और अन्य को नोटिस जारी किया। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 13 दिसंबर, 2024 को अभिनेता दर्शन और अन्य को जमानत दे दी। दर्शन को कथित तौर पर पवित्र गौड़ा को अश्लील संदेश भेजने के बाद उसी वर्ष 8 जून को अपने प्रशंसक रेणुकास्वामी की हत्या करने के आरोप में 11 जून, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। जमानत दिए जाने से पहले अभिनेता को बेंगलुरु की परप्पाना अग्रहारा जेल में रखा गया था, लेकिन जब जेल के कुछ अन्य कैदियों के साथ आराम करते हुए उनकी एक तस्वीर वायरल हुई तो उन्हें बल्लारी सेंट्रल जेल में स्थानांतरित कर दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

सुप्रीम ने कहा कि राज्य सरकार को आशंका है कि अन्य सह-अभियुक्तों को उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का लाभ उठाने की अनुमति दी जाएगी। चूंकि राज्य जमानत रद्द करने की प्रार्थना कर रहा है, इसलिए आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाना उचित नहीं होगा, क्योंकि यह जमानत रद्द करने के समान होगा। फिर भी, अभियोजन के हित की रक्षा के लिए, यदि कोई सह-अभियुक्त जमानत पर प्रार्थना करता है, संबंधित अदालत हमारे समक्ष चुनौती दिए गए आदेश पर भरोसा नहीं करेगी। दायर की गई किसी भी जमानत याचिका का फैसला उसकी योग्यता के आधार पर किया जाएगा।

# संभल में अवमानना पर हफ्तेभर बाद सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली/संभल**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह संभल में संपत्तियों को तोड़ने के संबंध में अपने आदेश के कथित उल्लंघन के लिए अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की मांग वाली याचिका पर एक सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ के समक्ष यह याचिका सुनवाई के लिए आई।



### याचिकाकर्ता का दावा

याचिकाकर्ता मोहम्मद गयूर की ओर से पेश वकील ने सुनवाई के लिए कुछ समय का स्थगन मांगा और कहा कि बहस करने वाले वकील व्यक्तिगत परेशानी में हैं। इस पर पीठ ने कहा कि याचिका एक सप्ताह बाद सुनवाई के लिए पेश की जाए। वकील चांद कुरैशी के माध्यम से दायर याचिका में याचिकाकर्ता ने सर्वोच्च न्यायालय के 13 नवंबर के फैसले का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इस फैसले में अखिल भारतीय दिशा-निर्देश निर्धारित करके कहा गया था कि बिना कारण बताओ नोटिस के किसी भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं किया जाना चाहिए और प्रभावितों को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया जाना चाहिए। याचिका में दावा किया गया है कि उत्तर प्रदेश के संभल में अधिकारियों ने याचिकाकर्ता या उसके परिवार के सदस्यों को कोई पूर्व सूचना और अवसर दिए बिना 10-11 जनवरी को उसकी संपत्ति के एक हिस्से पर बुलडोजर चला दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा ईवीएम सत्यापन की मांग का मामला**

# सीजीआई करेंगे ईवीएम सत्यापन मामले की सुनवाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

ईवीएम सत्यापन का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले पर सुनवाई करेगी। दरअसल हरियाणा के पूर्व मंत्री और पांच बार के विधायक करण सिंह दलाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सत्यापन के लिए स्पष्ट नीति बनाने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है। शुक्रवार को यह याचिका जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की पीठ के समक्ष पेश की गई, लेकिन पीठ ने कहा कि इस याचिका को मुख्य न्यायाधीश



संजीव खन्ना की पीठ के समक्ष पेश किया जाए। जिसके बाद अब मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ईवीएम सत्यापन की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगी।

### ईवीएम की बर्न्ट मेमोरी की जांच की मांग

याचिकाकर्ता के अनुसार, चुनाव आयोग के मौजूदा एसओपी के अनुसार, ईवीएम की बेसिक जांच और मॉक पोल्स के ही निर्देश हैं, जबकि बर्न्ट मेमोरी की जांच को लेकर कोई निर्देश नहीं हैं। साथ ही वीवीपैट पर्ची की जांच में भी ईवीएम बनाने वाले इंजीनियर्स की बहुत कम संलिप्तता है। दलाल और सिंगला ने कहा है कि वे चुनाव नतीजों को चुनौती नहीं दे रहे हैं, बल्कि सिर्फ ईवीएम सत्यापन की प्रक्रिया को मजबूत करना चाहते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश लागू करने की मांग

याचिका में कहा गया है कि ईवीएम सत्यापन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म बनाम केंद्र सरकार' मामले में जो आदेश दिया था, उनका पालन किया जाए। दलाल ने लखन कुमार सिंगला के साथ मिलकर ये याचिका दायर की है। दोनों को हालिया विधानसभा चुनाव में दूसरे सबसे ज्यादा वोट मिले थे। याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि चुनाव आयोग को निर्देश दिया जाए कि वे ईवीएम की बर्न्ट मेमोरी या ईवीएम के चार भागों कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपैट और सिंबल लोडिंग यूनिट के माइक्रोकंट्रोलर की जांच कराने का प्रोटोकॉल लागू करें। सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल एडीआर बनाम केंद्र सरकार मामले में आदेश दिया था कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद दूसरे या तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवार चुनाव परिणाम घोषित होने के सात दिनों के भीतर संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी को ईवीएम सत्यापन की मांग का आवेदन दे सकते हैं। इसके तहत उस निर्वाचन क्षेत्र की पांच प्रतिशत ईवीएम मशीनों की बर्न्ट मेमोरी की जांच ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियर्स करेंगे। याचिकाकर्ता का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद चुनाव आयोग ने अभी तक इसे लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं।

## AAP विधायक अमानतुल्लाह के बेटे की बुलेट जब्त-20 हजार का चालान

**एजेंसी । नई दिल्ली**



दिल्ली पुलिस ने चेकिंग के दौरान बहस होने पर आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह के बेटे मो. अनस की बाइक जब्त कर ली और 20 हजार जुर्माना लगाया। पुलिस टीम ओखला इलाके में गुरुवार रात रिपब्लिक डे के चलते चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो युवक मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइक लेकर निकले। पुलिस ने रोका और साइलेंसर को मोटर व्हीकल एक्ट का हवाला देते हुए गैरकानूनी बताया। इसके बाद युवक ने कहा कि उसके पिता विधायक हैं। पुलिस और लड़के के बीच बहस हुई। पुलिस अफसर ने भी लड़के के पिता से मोबाइल पर बात की और कहा कि मैं बाइक का चालान कर रहा हूं और ये कह रहे हैं कि पापा विधायक हैं। पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की कई धाराओं के तहत चालान काटा और बाइक जब्त कर ली। लड़के ने अपना पहचान पत्र नहीं दिखाया और बिना नाम बताए वहां से चला गया।

# जम्मू-कश्मीर में रहस्यमयी मौतों की वजह 'जहर'

- केंद्रीय मंत्री बोले- इंफेक्शन, वायरस या बैक्टीरिया के सबूत नहीं मिले

**एजेंसी । जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में 17 लोगों की रहस्यमयी मौत का कारण सामने आ गया है। कठुआ में एक कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि यह कोई बीमारी नहीं है। शुरुआती जांच में पता चला है कि किसी जहरीले पदार्थ की वजह से मौतें हुई हैं। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च, लखनऊ में जहर की जांच

**अब तक 17 की मौत**



चल रही है। सैंपल्स में किसी भी तरह के इंफेक्शन, वायरस या बैक्टीरिया के सबूत नहीं मिले हैं। वहीं, एम्स में प्रोफेसर और टॉक्सिकोलॉजी के प्रमुख डॉ. सुधीर गुप्ता ने बताया कि जहरीला पदार्थ नैचुरल या कैमिकल कुछ भी हो सकता है। यह कीटनाशक या गैस भी हो सकती है। राजौरी के बधाल गांव में 7 दिसंबर से अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है।

### 3 बहनों को एयरलिफ्ट करके चंडीगढ़ भेजा गया

22 जनवरी को तीन बहनों की तबीयत बिगड़ने के बाद राजौरी के गांव बधाल को कंटेनमेंट जोन बनाया गया था। वहां भीड़ इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है। तीनों बहनों की उम्र 16 से 22 साल के बीच है। पहले उन्हें GMC राजौरी में भर्ती किया गया था। हालत में सुधार न होने पर उसी दिन उन्हें जम्मू रेफर कर दिया गया। तीनों की स्थिति इतनी गंभीर थी कि उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट करके PGI चंडीगढ़ भेजा गया। इससे एक पहले 25 साल के युवक एजाज अहमद को भी GMC जम्मू लाया गया लेकिन उसे भी PGI चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, चारों की तबीयत में सुधार हो रहा है।

## वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की बैठक में हंगामा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। हंगामा थमता न देख समिति के 10 सांसदों को पूरे दिन के लिए कमेटी की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। इससे पहले बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के




लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। आज भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी।

### सभी 10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए निलंबित

बैठक में हुए हंगामे के बाद वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से सभी 10 विपक्षी सांसदों को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित विपक्षी सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक, इमरान मसूद शामिल हैं।

## सभी जिलों और राज्यों की राजधानियों में पक्के मोर्चे बनाएगा संयुक्त किसान मोर्चा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की महासभा ने सर्वसम्मति से 'नेशनल पॉलिसी फ्रेमवर्क ऑन एग्रीकल्चर मार्केटिंग' (एनपीएफएएम) को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। महासभा ने एनपीएफएएम को तीन काले कृषि कानूनों का नया संस्करण बताया है। एसकेएम, इसे रद्द कराने के लिए पूरी ताकत से लड़ेगा। यदि सरकार इसे वापस नहीं लेती है तो सांसद कार्यालयों के सामने धरना दिया जाएगा। 'ग्रामीण भारत हड़ताल' का आह्वान होगा। इतना ही नहीं, अगर सरकार ने किसानों की मांगें नहीं मानी तो देश के सभी जिलों और राज्यों की राजधानियों में पक्के मोर्चे स्थापित किए जाएंगे।



# भारतीय रेल को मिलेगा बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड



**एजेंसी । नई दिल्ली**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय रेल को बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवार्ड-2024-25 प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन 25 जनवरी को नई दिल्ली के दिल्ली कैंटोनमेंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में होने वाला है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता और लॉजिस्टिक सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह पुरस्कार दिया जा रहा है। चुनाव में लगे कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सुरक्षित और सुगम परिवहन का प्रबंधन भारतीय रेल द्वारा किया गया । इस दौरान 3,74,000 से अधिक अर्धसैनिक बलों को 383 विशेष ट्रेनों के माध्यम से देशभर में सुरक्षित और समय पर पहुंचाने का काम किया। यह कदम चुनावी प्रक्रिया को सुरक्षित और निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था।

### सोशल मीडिया अभियान और जनभागीदारी

भारतीय रेल ने मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी बेहतर तरीके से उपयोग किया। #ChunavKaParv और #DeshKaGarv जैसे हैशटैग के साथ चलाए गए कैंपेन ने नागरिकों को मतदान के महत्व को समझाने और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। भारतीय रेल ने न केवल मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने का काम किया, बल्कि नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देकर लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत किया। यह पुरस्कार भारतीय रेल की उन असाधारण पहलों का प्रतीक है, जो यह दर्शाती हैं कि रेलवे केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे का अभिन्न हिस्सा है।

### मतदाता जागरूकता के लिए रेल डिस्प्ले नेटवर्क का व्यापक उपयोग

मतदाता जागरूकता के लिए भारतीय रेल ने अपने नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने रेल डिस्प्ले नेटवर्क (RDN) का व्यापक उपयोग किया। इस नेटवर्क के माध्यम से स्टेशनों, रेलवे की अधिकारिक वेबसाइटों और मोबाइल ऐप पर मतदाता हेल्पलाइन से संबंधित जानकारी साझा की गई। स्टेशनों पर पूर्व-रिकॉर्डेड घोषणाएं की गईं, जिनमें मतदान की अहमियत और प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अलावा कश्मीर वैली में स्वीप एक्सप्रेस विशेष ट्रेन चलाई गई। इस ट्रेन का उद्देश्य युवाओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना था।

## सुप्रीम कोर्ट का टीडीएस प्रणाली खत्म करने पर विचार से इनकार

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने आयकर अधिनियम के तहत स्त्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) ढांचे को खत्म करने की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया और कहा कि यह "हर जगह" लगाया जाता है। हालांकि, खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को दिल्ली हाई कोर्ट में अपनी याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ के समक्ष शुक्रवार को अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय के माध्यम से दायर याचिका में टीडीएस प्रणाली को "मनमाना और अनुचित" करार दिया गया। लेकिन सीजेआई ने कहा, "माफ कीजिए, हम इस पर विचार नहीं करेंगे.. यह बहुत ही खराब तरीके से तैयार किया गया है। हालांकि, आप दिल्ली उच्च न्यायालय जा सकते हैं।"